संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 01 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 232 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### 30 ईएसआईसी अस्पतालों में कीमोथेरेपी सेवा शुरू

**नई दिल्ली:** ईएसआईसी की 191वीं बैठक गुरुवार को यहां मुख्यालय में आयोजित की गई। इस अवसर पर केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव ने देशभर के 30 ईएसआईसी अस्पतालों में कीमोथेरेपी सेवा की शुरूआत की। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रधानमंत्री के अमृतकाल में कर्मयोगियों के समग्र कल्याण की प्रधानमंत्री की दृष्टि के अनुरूप उठाया कदम है। इससे बीमित कर्मचारी और उन पर आश्रित परिजन कैंसर का बेहतर इलाज पा सकेंगे। केंद्रीय मंत्री ने ईएसआईसी के डैशबोर्ड के साथ एक नियंत्रण कक्ष का भी उद्घाटन किया। डैशबोर्ड ईएसआईसी अस्पतालों में संसाधनों और बिस्तरों और चल रही निर्माण परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की बेहतर निगरानी सुनिश्चित करेगा।

### जया वर्मा होंगी रेलवे बोर्ड की पहली महिला सीईओ, अध्यक्ष

**नई दिल्ली:** मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ के रूप में जया वर्मा सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। सिन्हा नए अध्यक्ष और सीईओ (रेलवे बोर्ड) के रूप में अनिल कुमार लाहोटी की जगह लेंगी और 1 सितंबर, 2023 को पदभार ग्रहण करेंगी। वह रेलवे बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष भी हैं। विजयलक्ष्मी विश्वनाथन रेलवे बोर्ड की पहली महिला सदस्य थीं।

**1988 बैच के रेलवे यातायात सेवा की अधिकारी हैं सिन्हा:** 1988 बैच की भारतीय रेलवे यातायात सेवा की अधिकारी, सिन्हा वर्तमान में रेलवे बोर्ड के सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) के रूप में काम कर रही हैं। वह ऐसे समय में बोर्ड का प्रभार संभालेंगी जब भारतीय रेलवे को केंद्र सरकार से रिकॉर्ड बजटीय आवंटन प्राप्त हुआ है।

**2023-24 में रेलवे को 2.74 लाख करोड़ रुपये का हुआ है आवंटन:** केंद्रीय बजट 2023-24 में भारतीय रेलवे को 2.74 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय आवंटित किया गया है। यह राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर को किया गया अब तक का सबसे अधिक आवंटन है। वित्त वर्ष 2022-23 में रेलवे के लिए 1.37 लाख करोड़ रुपये का सकल बजटीय आवंटन किया गया था।

# 'जम्मू-कश्मीर में जल्द होंगे चुनाव'

- सरकार जम्मू-कश्मीर में कभी भी चुनाव कराने को तैयार, पंचायत चुनाव, नगर निगम के चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव होंगे

**तैयारी**

▶▶ सरकार जम्मू-कश्मीर में कभी भी चुनाव कराने को तैयार है। वोटर लिस्ट लगभग तैयार हो चुकी है




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान बेंच के समक्ष अनुच्छेद 370 पर सुनवाई के 13वें दिन गुरुवार को केंद्र सरकार ने कहा कि सरकार जम्मू-कश्मीर में कभी भी चुनाव कराने को तैयार है। वोटर लिस्ट लगभग तैयार हो चुकी है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पंचायत चुनाव, नगर निगम के चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव होंगे। केंद्र सरकार ने बताया कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने लिए कदम उठाए गए हैं, पर ये कब तक होगा, इसका निश्चित वक़्त नहीं बता सकते हैं। दरअसल, 29 अगस्त को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए समय सीमा है और उसका रोडमैप क्या है। कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि राज्य में चुनाव कब करा रहे हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से 23 अगस्त को दलीलें पूरी कर ली गईं थीं। पांच सदस्यीय बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं में कहा गया है कि अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार ने राज्य के सभी विधानसभा सीटों के लिए एक परिसीमन आयोग बनाया है।

इसके अलावा जम्मू और कश्मीर के स्थायी निवासियों के लिए भी भूमि खरीदने की अनुमति देने के लिए जम्मू एंड कश्मीर डेवलपमेंट एक्ट में संशोधन किया गया है। याचिका में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर महिला आयोग, जम्मू-कश्मीर अकाउंटेबिलिटी कमीशन, राज्य उपभोक्ता आयोग और राज्य मानवाधिकार आयोग को बंद कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च, 2020 को अपने आदेश में कहा था कि इस मामले पर सुनवाई पांच जजों की बेंच ही करेगी। सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच ने मामले को सात जजों की बेंच के समक्ष भेजने की मांग को खारिज कर दिया था।

### काशी विश्वनाथ मंदिर में 2.29 करोड़ लोगों ने दर्शन किए

**वाराणसी** में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण से यहां धार्मिक पर्यटन बढ़ा है। यहां इस साल मई तक 2.29 करोड़ श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। 2022 में यह संख्या 7.16 करोड़ थी। काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के सीईओ सुनील वर्मा ने हाल ही में कहा था कि कॉरिडोर बनने से अब तक 10 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं। देश की टूरिज्म इंडस्ट्री में इस साल 8.8 करोड़ नई नौकरियां पैदा होंगी। सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) में इस इंडस्ट्री का 11.48 लाख करोड़ रुपए (5%) का योगदान होगा। कुल नौकरियों में इस सेक्टर की 13% हिस्सेदारी है। अगले दशक में भारत में मेडिकल, वेलनेस, आध्यात्मिक, बिजनेस ट्रैवल के साथ एडवेंचर टूरिज्म सेगमेंट में वृद्धि होगी।

### जम्मू-कश्मीर में जून तक 1.09 करोड़ लोग आए



**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू-कश्मीर**
**इस** साल पहली छमाही में भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या पिछले साल से 106% ज्यादा है। जिससे विदेशी मुद्रा आय भी बढ़ी है। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति विभाग से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि इस साल जनवरी से जून के दौरान भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या 43.80 लाख रही, जो 2022 में इसी अवधि में 21.24 लाख थी। देश में कोरोना के बाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के लिए सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने की निरंतर कोशिश कर रही है। घरेलू पर्यटन की बात करें तो 2021 में आंकड़ा 67.7 करोड़ था और 2022 में यह बढ़कर 173.1 करोड़ हो गया। वहीं, जम्मू-कश्मीर में 2022 में 1.8 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए थे, जबकि 2023 में जनवरी से जून के समय में 1.09 करोड़ पर्यटक आए।

# केंद्र ने 18-22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र सरकार** ने 18 से 22 सितंबर के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाया है। केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संसद का विशेष सत्र (17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा के 261वां सत्र) में पांच बैठकें होंगी। संसद के इस विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं कहा गया है। हालांकि यह सत्र 9 और 10 सितंबर को राष्ट्रीय राजधानी में जी20 शिखर बैठक के कुछ दिनों बाद आयोजित होने जा रहा है। जोशी ने कहा कि संसद के इस विशेष सत्र में पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि अमृत काल के बीच आयोजित होने वाले इस विशेष सत्र के दौरान संसद में सार्थक चर्चा को लेकर आशान्वित हैं।

**तो क्या विपक्ष के जल्दी आम चुनाव के दावे पर लगेगी मुहर:** गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही विपक्ष की तरफ से ऐसे दावे किए गए हैं कि मोदी सरकार इस बार आम चुनाव समय से पहले करा सकती है। दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर चर्चा तेज है कि केंद्र की मोदी सरकार जनवरी फरवरी में लोकसभा चुनाव करा सकती है। वहीं, अब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के बाद बिहार के सीएम नीतीश कुमार के हालिया बयान से इन चर्चाओं में दम नजर आ रहा है। ममता बनर्जी और नीतीश कुमार ने कहा है कि यह लोग लोकसभा चुनाव समय से पहले भी करवा सकते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियां भी जोरों पर हैं। लोकसभा चुनाव चाहें समय पह हों या उससे पहले भगवा पार्टी अभी से एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है।

**विशेष सत्र**

▶▶ 5 बैठकें होंगी; शिवसेना बोली- गणेश चतुर्थी के बीच सेशन बुलाना हिंदू भावनाओं का अपमान

# 'यूक्रेन संघर्ष पर भारत शांति के पक्ष में खड़ा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यूक्रेन** संघर्ष पर विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने आज कहा कि भारत इस वैश्विक घटनाक्रम में तटस्थ नहीं बल्कि शांति के पक्ष में है। इस संघर्ष से दुनिया में तेल और अनाज की कीमतें बढ़ी हैं। दुनिया का कोई देश संघर्ष का समर्थन नहीं कर रहा है। इसका मतलब है कि भारत उन देशों के साथ शांति के पक्ष में खड़ा है। जयशंकर दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वैश्विक संदर्भ में विदेश मंत्री ने कहा कि 2023 को सभी लोग एक ऐसे वर्ष के तौर पर याद करेंगे, जब भारत ने अपनी जी20 की अध्यक्षता में दुनिया के मानचित्र पर एक अलग स्थान पाया है।



**शांति का पक्षधर**

▶▶ इस संघर्ष से दुनिया में तेल और अनाज की कीमतें बढ़ी हैं। कोई देश संघर्ष का समर्थन नहीं कर रहा

हम सोलर अलायंस से ऊर्जा को लेकर दुनिया की सोच बदल रहे हैं। इंटरनेशनल ईयर आफ मिलेट्स के माध्यम से खानपान की आदतों को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। गठबंधन के माध्यम से आपदाओं के लिए सामूहिक प्रतिक्रिया तैयार कर रहे हैं। वैश्विक प्रगति को आगे बढ़ाने वाले देश के रूप में आज भारत को देखा जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की संभावना पर विदेश मंत्री ने कहा कि यह होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र का गठन उस समय हुआ था, जब इसके केवल 50 सदस्य थे। आज इसके करीब 200 सदस्य हैं।




# छड़ी पूजा के साथ संपन्न हुई अमरनाथ यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू कश्मीर**
**छड़ी** मुबारक की पूजा के साथ श्री अमरनाथ वार्षिक यात्रा का समापन हो गया। इस बार करीब साढ़े चार लाख भक्तों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। अमरनाथ यात्रा की छड़ी मुबारक गुरुवार अलसुबह पवित्र गुफा में पहुंची। सूर्योदय से पहले छड़ी मुबारक को पवित्र मंदिर में ले जाया गया। पवित्र गुफा में भगवान शिव की पूजा के साथ ही इस वर्ष की तीर्थ यात्रा भी संपन्न हो गई। छड़ी मुबारक शेषनाग से पंजतरणी के लिए रवाना हुई थी। गुरुवार को पंजतरणी से छड़ी मुबारक पवित्र गुफा पहुंची और पूजा-अर्चना और दर्शन के साथ ही 62 दिन की बाबा अमरनाथ की यात्रा पूरी हुई। एक अधिकारी ने बताया कि यात्रियों का आखिरी जत्था 23 अगस्त को पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ था। उन्होंने कहा कि यात्रा के शुरूआत के साथ ही तीर्थयात्रियों खासा उत्साह देखने को मिला। 2022 में करीब तीन लाख तीर्थयात्रियों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। वहीं, इस वर्ष 4.42 लाख भोले के भक्तों ने दर्शन किए। जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के बडशाह चौक इलाके में स्थित दशनामी अखाड़े से गत शनिवार की सुबह पवित्र छड़ी मुबारक को संरक्षक महंत दीपेंदर गिरी की अगुवाई में श्रीनगर से पहलगाम के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना किया गया था।



### पंजाब में आईएसआई के 6 समर्थक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने मोहाली पुलिस के सहयोग से पाक खूफिया एजेंसी कक्कसमर्थित गैंग को पकड़ने में सफलता हासिल की है। यह गैंग पंजाब से पाकिस्तान में भागे आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा ग्रुप से जुड़े हुए हैं और वहां से मिलने वाले इशारों पर पंजाब में आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। DGP पंजाब गौरव यादव ने जानकारी दी कि हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा गैंग से जुड़े 6 सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है।

**निर्माण** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिकी दौरे पर हुआ था प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का समझौता

# भारत में ही जीई-414 विमान इंजन बनने का रास्ता साफ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के पिछले अमेरिकी दौरे के समय हुए जीई-414 विमान इंजन सौदे को अमेरिकी कांग्रेस ने मंजूरी दे दी है। अब प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से भारत में ही हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जीई-414 इंजन का निर्माण कर सकेगा। भारत ने तेजस एमके-2 फाइटर जेट के लिए अमेरिका के साथ 99 जीई-414 का सौदा किया है। प्रोटोटाइप बनाने के लिए 8 एफ-414 इंजन पहले से ही एचएएल के पास हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने पिछले साल 31 अगस्त को इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को मंजूरी दी थी। इसके बाद इस साल के अंत तक स्वदेशी बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान तेजस मार्क-2 का प्रोटोटाइप आने की संभावना जताई गई थी, लेकिन इसके लिए इंजन फाइनल न होने से प्रोटोटाइप का विकास अधर में लटका था। प्रधानमंत्री मोदी के हालिया अमेरिकी दौरे में जीई-414 विमान इंजन भारत में ही विकसित किये जाने का समझौता होने बाद अब अमेरिकी कांग्रेस की भी मंजूरी मिलने से एलसीए तेजस मार्क-2 के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। इसी माह भारत सरकार ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क-2 के 6 प्रोटोटाइप विमानों के निर्माण को मंजूरी दी थी। डीआरडीओ ने एलसीए तेजस मार्क-2 और पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) दोनों को एक ही इंजन से चलाने का फैसला किया है।



# हनीट्रैप का शिकार बना कर लोगों से रुपए एंठने वाले गिरोह का भांडाफोड़, तीन गिरफ्तार

## ● सोनीपत कोर्ट के अधिवक्ता प्रदीप से समझौता करने के नाम पर कर रहे थे 5 से 8 लाख रुपए की मांग

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
एसआईटी की टीम ने हनीट्रैप का शिकार बना कर लोगों से रुपए एंठने वाले गिरोह का भांडाफोड़ करते हुए तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में दो अधिवक्ता व एक महिला शामिल हैं। तीनों आरोपित दुष्कर्म के झूठे मामले दर्ज करवा कर लोगों से रुपए एंठने का काम करते थे। इस संबंध में सोनीपत पुलिस आयुक्त सतीश बालन को शिकायत मिली तो उन्होंने एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा के नेतृत्व में एसआईटी का इंचार्ज बनाते हुए मामले की जांच सौंपी। जिसके बाद एसीपी गन्नौर ने अपनी टीम के साथ मिल कर आरोपी सोनीपत कोर्ट में वकालत करने वाले अधिवक्ता विजय इंदौर, अधिवक्ता मनोज दहिया व बबिता नाम की महिला को गिरफ्तार कर लिया।

**अधिवक्ता को बनाया था अपना शिकार:** मामले का खुलासा करते हुए एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि गिरोह के सदस्यों ने सोनीपत कोर्ट में ही वकालत करने वाले अधिवक्ता प्रदीप को अपना



शिकार बनाया था। गिरोह में शामिल बबीता नाम की महिला ने दुष्कर्म के मामले में अधिवक्ता प्रदीप को केस अपना लड़ने के अपना अधिवक्ता नियुक्त किया था, लेकिन महिला ने बाद समझौता कर लिया था। इसके बाद अधिवक्ता ने अपने फीस मांगी तो बबीता ने उसे फीस देने से मना कर दिया। इसके बाद बबीता ने अधिवक्ता विजय इंदौर व अधिवक्ता मनोज दहिया के साथ मिल कर प्रदीप के खिलाफ सोनीपत सिटी थाना में दुष्कर्म का झूठा केस दर्ज करवा दिया था। इसके बाद से वह प्रदीप से समझौता करने के नाम पर 5 से 8 लाख रुपए की मांग कर रहे थे।

**मोबाइल रिकार्डिंग के साथ पुलिस आयुक्त को दी शिकायतः** बबीता, अधिवक्ता विजय इंदौर व अधिवक्ता मनोज दहिया लगातार प्रदीप से समझौता करवाने

**शिकंजा**

**▶▶ रुपए एंठने वाले गिरोह का भांडाफोड़ करते हुए तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में दो अधिवक्ता व एक महिला शामिल हैं**

के लिए रूपयों की मांग कर रहे थे। आरोपित ने उसके साथी सुरेंद्र उर्फ जादूगर के पास भी फोन कर रूपयों की मांग की थी। जिसकी उसने रिकार्डिंग कर ली। इसके बाद प्रदीप ने सोनीपत पुलिस आयुक्त सतीश बालन को मोबाइल रिकार्डिंग सहित बबीता, अधिवक्ता विजय इंदौर व अधिवक्ता मनोज दहिया के खिलाफ शिकायत दी। प्रदीप ने यह भी बताया कि अधिवक्ता विजय इंदौर व अधिवक्ता मनोज दहिया ने कोर्ट परिसर में पिस्तौल दिखा कर पुलिस को शिकायत न करने की भी धमकी दी थी। जिसके बाद सोनीपत पुलिस आयुक्त ने एसआईटी का गठन कर एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा को जांच सौंप दी थी।

**जज की कुर्सी पर बैठ कर खिंचवाई थी फोटोः** हनिट्रैप का शिकार बने लोगों पर दबाव डालने के लिए अधिवक्ता विजय इंदौर ने सोनीपत कोर्ट में जज की कुर्सी पर बैठ कर एक फोटो भी खिंचावाई थी। विजय इंदौर ने यह फोटो उस समय खिंचवाई थी, जिस समय जज के कमरे में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। विजय इस फोटो को हनीट्रैप का शिकार बने लोगों को यह कर दिखाता था कि वह सोनीपत कोर्ट में जज लगा हुआ। जिससे लोग दबाव में आकर उनके गिरोह के साथ रुपए देकर समझौता कर सकें। अधिवक्ता विजय इंदौर द्वारा खिंचवाई गई इस फोटो को भी कब्जे में ले रखा है।

**12 से 15 मुकदमें दर्ज करवा चुका है गिरोहः** एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया कि अधिवक्ता विजय इंदौरा व अधिवक्ता मनोज दहिया व बबीता का गैंग है, जो लोगों के खिलाफ दुष्कर्म के झूठे मामले दर्ज करवा कर लोगों से रुपए एंठने का काम करता है।

# विधायक ने प्रयास स्कूल के छात्रों को कराया विधानसभा का भ्रमण

## विधायक निर्मल चौधरी ने बच्चों को विधानसभा के मानसूत्र सत्र की कार्यवाही दिखाई



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।**
विधायक निर्मल चौधरी ने प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के 50 छात्रों को दिल्ली में हरियाणा विधानसभा का भ्रमण करवाया। विधायक निर्मल चौधरी ने बच्चों को विधानसभा के मानसूत्र सत्र की कार्यवाही दिखाई। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने सभी बच्चों व अभिभावकों का स्वागत किया व पुरे सदन ने तालियां बजाकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री मनोहर का संबोधन भी सुना। विधायक ने बच्चों का कई वरिष्ठ राजनेताओं से परिचय कराया और विधानसभा के नियमों से

**शैक्षणिक**

**▶▶ विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों व अभिभावकों का स्वागत किया**

अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण में रूचि लेने, भारतीय लोकतंत्र अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जाग्रत रहने के लिए प्रेरित किया। स्कूल के रजिस्ट्रार डा. मनोज ने विधायक निर्मल चौधरी का आभार जताया।

# समाज सेवा के मकसद से राजनीति में आया हूंः भाजपा पार्षद विजय जैन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
पानीपत ग्रामीण हलके के नेता एवं भाजपा पार्षद विजय जैन ने हल्के के गांव कचरौली, दीवाना व प्रहलादपुर खलीला में जनसंपर्क करके लोगों का हाल-चाल जाना और उनके दुख दर्द जानने की कोशिश की। यहां पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विजय जैन ने कहा है कि मैं समाज सेवा के मकसद से राजनीति में आया हूं और आप लोगों के बीच में आकर मुझे अपनेपन का एहसास होता है। उन्होंने कहा है कि मैं आप लोगों को मिलने व हालाचात जानने आया हूं अभी



चुनाव बहुत दूर हैं और मैं आपसे वोट मांगने नहीं आया हूं। अभी तो आप मुझे परखने का कार्य करें अगर मेरे आचार विचार आप लोगों को पसंद आए तो आप मुझसे जुड़े। मैं लगभग दो वर्षों से ग्रामीण हलके के हर गांव व कॉलोनी में जनसंपर्क करके लोगों से मिलने का कार्य कर रहा हूं ताकि

**हालचाल**

**▶▶ मैं आप लोगों को मिलने व हालाचात जानने आया हूं चुनाव बहुत दूर हैं और मैं वोट मांगने नहीं आया हूं**

आप के दुःख दर्द अच्छी तरह से समझ सकूं और समय आने पर उनका उचित समाधान किया जा सके। वहीं पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा ने कहा है कि विजय जैन ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत लगभग सभी 90 कालोनियां और 40 गांव में से 20 गांव को कवर कर लिया है। इनका जनसंपर्क अभियान इसी तरह से जारी रहेगा। विजय जैन एक समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी है। इस अवसर पर गांव कचरौली से पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा, रामजुआरी शर्मा, ब्लॉक समिति मेंबर राजेश राणा, गांव खलीला से पूर्व सरपंच राजेंद्र ढांडा, पूर्व सरपंच दिलबाग सिंह, कृष्ण शर्मा,दयाचंद, गांव दीवाना से कृष्ण शर्मा, मनजीत भौकर, चौ. वेदपाल,विजय कौशिक, रामपाल शर्मा और धर्मपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 28 सितबंर को सोनीपत में धूमधाम से मनाई जाएगी भगत सिंह की जयंती

## विधायक सुरेंद्र पंवार के निवास स्थान पर शहीद भगत सिंह के सुपौत्र व शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के अध्यक्ष यादविंद्र सिंह संधू के साथ हुई बैठक

**जयंती**

**▶▶ भगत सिंह की जयंती पर सोनीपत में एक विश्व रिकॉर्ड भी बनाया जाएगा: विधायक सुरेंद्र पंवार**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
विधायक सुरेंद्र पंवार के निवास स्थान सेक्टर-15 पर शहीद भगत सिंह बिग्रेड के अध्यक्ष यादविंद्र सिंह संधू के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आने वाली 28 सितंबर को सोनीपत में धूमधाम से शहीद भगत सिंह की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही उस दिन शहीद भगत सिंह याद में एक विश्व रिकॉर्ड भी बनाया जाएगा। विधायक सुरेंद्र पंवार ने यादविंद्र सिंह संधू का उनके निवास स्थान पर पहुंचने पर स्वागत किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने बताया कि 28 सितम्बर को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद-ए-आजम भगत



सिंह जी की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस वर्ष सोनीपत के ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले महलाना रोड स्थित तिरंगा चौक से ब्राइट स्कॉलर तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसके जिसमें बड़ी तादाद में प्रदेशभर से लोग शिरकत करेंगे।

उन्होंने बताया कि आज जिस खुली हवा में हम सांस ले रहे है, इसमें स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों का योगदान है, जिनकों हम कभी भी भुला नहीं सकते। बिग्रेड के अध्यक्ष यादविंद्र सिंह संधू ने कहा कि जयंती के अवसर शहीद भगत सिंह जी की याद में एक विश्व रिकार्ड भी बनाया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि ज्याद से ज्यादा संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर कर देश को आजादी दिलवाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें। इस दौरान विजय देशवाल, ललित पंवार, नीरज देशवाल, रिंकू, अंकित, अजय गहलावत, रणजीत, विश्वेंद्र, रामकुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा समितिः डीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
उपायुक्त डा. शालीन ने एनआईसी कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हाल में सडक सुरक्षा समिति के तहत सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने सडक सुरक्षा समिति की बैठक के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने पिछली बैठक के दौरान जिन विषयों को लेकर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये थे, उनकी भी विस्तार से समीक्षा की। आरटीओ सुशील कुमार ने एंजैडे के माध्यम से तमाम बिंदुओं पर जो कार्रवाई एवं अन्य गतिविधि की जा रही है उसके बारे उपायुक्त को विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त ने

**दिशा-निर्देश**

**▶▶ बैठक के दौरान उन्होंने सडक सुरक्षा समिति की बैठक के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये**

बैठक के दौरान कहा कि पिछले दिनों बरसात व जल भराव के चलते शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सडकें क्षतिग्रस्त हुई हैं, सम्बन्धित विभाग अपने क्षेत्रों में इन सडकों के पैचवर्क व अन्य कार्य को करना सुनिश्चित करें।

इसके साथ-साथ मुख्य सडकों के नजदीक जहां पर टहनियां झुकी हुई है उनकी भी सम्बन्धित विभाग छंटनी करवाना सुनिश्चित करवाएं।

# 'टावरों को स्थापित करने के लिए मापदंड तैयार हो'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त** डा. शालीन ने अपने कार्यालय में डिस्ट्रीक लेवल क्लीयरैंस कमेटी की एक बैठक लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योगों व टावरों को स्थापित करने के लिए जो मापदंड तय किए गये हैं और समय अवधि 45 दिन है उसके तहत सम्बन्धित विभाग नियमानुसार अपनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने एंजैडे के अनुसार सम्बन्धित विभागों की जो पैंडसी थी उस बारे समीक्षा करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि टावरों को स्थापित करने के लिए विभागीय नियमानुसार जो समय अवधि एवं दस्तावेज निर्धारित किए गये हैं आवेदनकर्ता उन दस्तावेजों को समय के तहत देना सुनिश्चित करते हुए पोर्टल पर उसे अपलोड करवाएं। सम्बन्धित अधिकारी भी यह सुनिश्चित करें कि जब आवेदनकर्ता अपने कार्य के लिए आवेदन करे तो यदि उसके कार्य सम्बन्धित दस्तावेजों में कोई कमी है तो उसे बताएं और उसे पूरा करवाते हुए उसे पोर्टल पर भी अपलोड करवाना सुनिश्चित करवाएं। प्रयास करें कि समय अवधि से पहले आवेदनकर्ता के दस्तावेजों को निर्धारित मापदंडों की अनुपालना के तहत पोर्टल पर अपलोड करवाएं। यदि कार्य से सम्बन्धित दस्तावेज आवेदनकर्ता पूरा नहीं करता है तो उसे रिजैक्ट करें।

# ट्रैक्टर ट्राली ने मारी बाइक सवार दो टीचर को टक्कर, एक टीचर की मौत

**संतोष कुमारी/ टीम एक्शन इंडिया**
**नारनौल। नांगल** चौधरी में हुए एक सड़क हादसे में प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने वाले एक शिक्षक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल शिक्षक को आगामी उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जबकि मृतक शिक्षक का पोस्टमार्टम नारनौल के नागरिक अस्पताल में कराया जा रहा है।
शहर के छोटा बड़ा तालाब के पास रहने वाला अतुल यादव व पुरानी मंडी के पास का रहने वाला सुमित कुमार नांगल चौधरी के भुंगारका गांव के श्रीकृष्णा स्कूल में टीचर के रूप में कार्य करते थे।

# विधायक ने किया जिला स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/राई (सोनीपत)**
**राई** हलका विधायक एवं भाजपा के प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने स्कूली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे पढ़ाई के साथ खेलों में भी अवश्य हिस्सा लें। खेलों में स्वर्णिम कैरियर निर्माण की अपार संभावनाएं हैं, जिनका पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। विधायक मोहनलाल बड़ौली गुरुवार को खेवड़ा स्थित जीडी गोयनका स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे विद्यार्थियों को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा



कि खेलों में सुनहरी भविष्य बनाया जा सकता है। हरियाणा की खेल नीति अनुकरणीय है, जिसने खेल-खिलाडि?ों को विशेष प्रोत्साहन प्रदान किया है। इससे युवा खेलों की ओर तीव्रता से अग्रसर हुए हैं। करोड़ों रुपये की पुरस्कार राशि के साथ नौकरी की सुविधा ने युवाओं को खेलों की ओर बढ़ाया है।
विधायक बड़ौली ने कहा कि खेलों में हिस्सा लेने से शरीर और दिमाग को तंदुरुस्त रखा जा सकता है। नियमित रूप से खेलना बहुत फायदेमंद है। इससे हम शरीर को बिमारियों से बचा सकते हैं। साथ ही अपना कैरियर भी बना सकते हैं। पढ़ाई के साथ खेलों में हिस्सा

**प्रतियोगिता**

**▶▶ खेलों में स्वर्णिम कैरियर की अपार संभावनाओं का लाभ उठायें खेल प्रतिभाएं: मोहनलाल बड़ौली**

लेने वाले युवाओं को कैरियर निर्माण का बेहतरीन विकल्प मिलता है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए सुविधाओं में बढ़ोतरी की गई है। हमारे खिलाडियों ने भी सफल परिणाम दिए हैं। हर स्तर पर हमारे खिलाड़ी प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं, जिससे अन्य युवाओं को प्रेरणा मिल रही है।

# सैनिकों ने दिया मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय राई की बेटियों की रक्षा का वचन

## कर्नल मोर ने की एक और नई शुरूआतः मोतीलाल नेहरू स्कूल की बेटियाँ दिल्ली कैंट में पहुँची राखी बांधने

**टीम एक्शन इंडिया/राई ।**
दिल्ली कैंट में सैनिक भाइयों के लिए मोतीलाल नेहरू खेलकूद विधालय राई की बहनों ने रक्षाबंधन का कार्यक्रम किया। प्रधानाचार्य व निदेशक, खेल स्कूल राई कर्नल अशोक मोर ने कहा सैनिक अपने घरों से दूर है। उनको यह एहसास दिलाना कि उनका परिवार आसपास ही है। इसलिए ऐसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके बाद बहनों ने बड़ी संख्या में सैनिक भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर सरहद की रक्षा के साथ ही खुद की सुरक्षा का वचन लिया। बहनों की राखी से सेना के जवानों की कलाई भर गई। सैनिक भाइयों के



माथे पर मोतीलाल नेहरू खेल स्कूल राई की बेटियों ने तिलक लगाया, आरती उतारी, मुंह मीठा कराया और फिर कलाइयों पर रंग बिरंगी राखियां बांधी। जवानों ने भी बदले में उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिया। मेजर कुणाल मलिक राई एक पूर्व छात्र के होने के साथ साथ एफ ओ एल डिपोके कमांडिंग ऑफिसर भी हैं, उन्होंने मोतीलाल नेहरू खेलकूद राई के बेटियों के लिए स्टेशन के

**रक्षा सूत्र**

**▶▶ बहनों ने सैनिक भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर सरहद की रक्षा के साथ ही खुद की सुरक्षा का वचन लिया**

पूरे दौरे की व्यवस्था की जहां बच्चों ने सीखा की तेल और स्नेहक कैसे संग्रहित और कैसे इनकी आपूर्ति की जाति है। बेटियों ने बातचीत में बताया की कर्नल मोर के द्वारा शुरू की गई यह नयी पहल काबिले तारीफ है। इसकी जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है।

# गांव में सौतेला पिता बेटी के साथ करता था अश्लील हरकत, घर से भागी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौरः** थाना बड़ी क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति ने पिता-पुत्री के रिश्ते को शर्मसार कर दिया। आरोप है कि व्यक्ति अपनी सौतेली बेटी से अश्लील हरकत करता था। इससे तंग आकर वह घर छोड़कर अपनी सहेली के रिश्तेदार के पास चली गई। इसके बाद पिता ने थाना बड़ी में गुमशुदगी का मामला दर्ज करवा दिया। जब पुलिस ने लड़की का पता लगा कर उसे अपने काबू में लिया तो उसने पुलिस को अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता की आपबीती सुनने के बाद पुलिस ने उसके ब्यान दर्ज कराये और आरोपित पिता के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**सहेलियों से हुई पूछताछः** सौतेले पिता ने थाना बड़ी में अपनी बेटी की गुमशुदगी का मामला दर्ज करवा दिया था। जिसके बाद पुलिस ने लड़की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने जब लड़की सहेलियों से पूछताछ की तो उसकी एक सहेली ने बताया कि वह उसके रिश्तेदार के पास रूकी हुई है।
इसके बाद पुलिस ने लड़की को बुलवाया। जिसके बाद लड़की ने अपनी आपबीती सुनाई।

**शराब पीकर करता था अश्लील हरकतः** पुलिस को पीड़िता ने बताया कि वह उसकी सौतेली बेटी है। उसकी मां ने दूसरा विवाह किया था जिसके बाद से वह अपने सौतेले पिता के घर रहने लगे। उसका सौतेला पिता अपने एक साथी को भी घर पर बुलाता था और शराब पीने के बाद दोनो उसके साथ आश्लील करते थे।

**मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कीः** एसीपी गन्नौर गोरखपाल राणा ने बताया कि पुलिस ने पीड़िता के ब्यान ले कर आरोपित के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसके साथी के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# प्रदेश में गुंडागर्दी व दबंगई सहन नहीं की जाएगी: विज

● गुंडागर्दी करने वाले या गुंडागर्दी छोड़ दो, या मेरा हरियाणा छोड़ दो, पुलिस गुंडों को चैन से रहने नहीं देगी: विज

**चेतावनी**

▶▶ हमने हमेशा विकास की राजनीति की है, कभी भी धर्म व जाति की राजनीति नहीं की है: गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश में किसी भी तरह की गुंडागर्दी व दंबगई बर्दाशत नहीं की जाएगी, गुंडागर्दी करने वाले या गुंडागर्दी छोड़ दो, या मेरा हरियाणा छोड़ दो, पुलिस गुंडों को चैन से रहने नहीं देगी और पुलिस को मैनें खुली छूट दे रखी है। विज दोपहर अम्बाला छावनी में खुखरैन भवन के साथ 1.32 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली पुलिस चौकी हाउसिंग बोर्ड के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा विकास की राजनीति की है, कभी भी धर्म व जाति की राजनीति नहीं की है, उनका घोषणा पत्र एक लाईन का है, काम किया था काम करेंगे उसके आधार पर वह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छावनी में मार्डन पुलिस चौकी बनेगी जिससे लोगों के साथ-साथ पुलिस को भी यहां पर मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी।





## एयरपोर्ट के लिए जल्द 20 एकड़ जमीन की पोजिशन मिलेगी: विज

**गृह** मंत्री अनिल विज ने कहा कि सभी के आपार स्नेह व अधिकारियों के प्रयत्न से अम्बाला छावनी में विकास के नए पंख लग रहे हैं। हर रोज नए विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने का काम किया जा रहा है। जल्द ही 133 करोड़ रुपए की लागत से यहां पर एयरपोर्ट की सौगात लोगों को मिलेगी। अगले सप्ताह तक अम्बाला छावनी एयरफोर्स स्टेशन के नजदीक 20 एकड़ जमीन की पोजीशन मिलेगी, जिसकी उन्हें उम्मीद है और उन्हें अब यहां से जहाज उड़ता नजर आ रहा है। एयरपोर्ट के लिए अस्थाई ढांचा बनेगा। 16 करोड रुपए की लागत से इस कार्य को किया जाएगा और जल्द ही यहां से फ्लाईट शुरू होगी।

## हर सप्ताह विकास कार्यों का निरीक्षण होगा : अनिल विज

**गृह** मंत्री अनिल विज ने कहा कि विकास के काम जो रूके हुए थे वह पुन: चालू हुए हैं। गत दिवस उन्होने शहीदी स्मारक, फीफा एप्रव्ड खेल स्टेडियम, आर्य भट्ट विज्ञान केन्द्र, नागरिक अस्पताल अम्बाला छावनी में 100 बैड से 200 बैड की बिल्डिंग के निर्माण कार्य का जायजा लिया था और अधिकारियों को कहा हैं कि वह हर सप्ताह यहां का निरीक्षण करेंगे और कार्य की वास्तविकता जांचेगे।

**पुलिस वेल्फेयर के लिए कई कार्य किए, अवार्ड से हो रहे सम्मानित** : गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि उन्होंने पुलिस को प्रोत्साहित करने के द्दष्टिगत हर साल 30 ईनाम देने की घोषणा की गई है जिसमें 10 मुख्यमंत्री, 10 गृहमंत्री अवार्ड रखे गए हैं। अवार्ड में छह माह सेवा विस्तार व एक लाख नकद पुरस्कार शामिल है। इसी तरह 10 अवार्ड डीजीपी द्वारा दिए जाएंगे। इन अवार्ड की घोषणा होने पर अब पुलिस फोर्स में बहादुरी से अपने काम की होड़ लग गई है।



अम्बाला छावनी थाने के एसएचओ नरेश कुमार ने करोड़ों मूल्य का ड्रग्स पकड़ी है और एसएचओ के इस कार्य को सराहना देने के लिए एचएम अवार्ड देने की स्तुति की गई है। गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में जल्दी ही सीसीटीवी कैमरे भी लगाने जा रहे हैं। यह एचडी कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फेशियल रिकॉग्निशन एप्लीकेशन से लैस होंगे जिनमें नाइट विजन भी होगा। जल्द ही इस योजना को लागू किया जाएगा जिससे गलत गतिविधियों को पकड़ा जा सकेगा। प्रपोजल बनाकर प्रदेश सरकार को भेजा जा चुका है और जल्द इसपर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा नशा तस्करी रोकने के लिए हरियाणा नारकोटिक्स विंग बनाया गया है जोकि इस गतिविधि पर पूरी नजर रखता है। प्रदेश से नशे को उखाडने की दिशा मे सभी के सहयोग से कार्य किए जा रहे हैं इसके लिए हैल्पलाईन जारी किए हुए है जिस पर कोई भी व्यक्ति सूचना दे सकता है।

'खुशहाली बढ़ती है तो देश तरक्की करता है' गृहमंत्री अनिल विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि कानून व्यवस्था जब ठीक होती है तो उससे खुशहाली बढती है, काम धंधे बढते हैं। आज किसी भी देश की तरक्की इस बात पर निर्भर नहीं करती कि उसकी अर्थव्यवस्था बेहतर है बल्कि हैप्पीनैस इंडैक्स से बढती है। शहर के लोग हसते-खेलते-नाचते रहें, कानून व्यवस्था बेहतर रहे, इसके लिए हरियाणा सरकार हर दिशा मे काम कर रही है।

## एक साल में बनकर तैयार होगी मार्डन पुलिस चौकी : डा. आरसी

**इससे** पहले पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन हरियाणा के एमडी डॉ0 आरसी मिश्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि इस पुलिस चौकी के निर्माण से लोगों के साथ-साथ पुलिस को काफी सुविधा मिलेगी। एक साल में यह मार्डन चौकी बनकर तैयार होगी। जहां पर यह चौकी बनाई जायेगी उसकी लोकेशन बेहतर है। लोगों का आवागमन और आसान होगा। स्वास्थ्य के तहत उनका नियमित चैकअप किया जाता है। पुलिस लाईन में डिस्पैंसरी बनाए जाने का विचार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया जिस स्थान पर नई पुलिस चौकी बन रही है वहां पहले सारे शहर की गंदगी डाली जाती थी। पास ही सुभाष पार्क की जगह पर भी पहले गंदगी के ढेर होते थे। मगर आज यहां सभी सुविधाओं से युक्त पार्क बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि जहां पहले गंदगी हो और सुधार कर सुंदर पार्क बना दिया गया हो ऐसे स्थानों को लेकर केंद्र सरकार द्वारा प्रविष्टियां मांगी गई थी।

श्री विज ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि सारे हरियाणा से केवल नेता जी सुभाष चंद्र बोस पार्क की ही स्तुति की गई है।

# चार महीने चलेगा आयुष्मान भव अभियान: संजीव कौशल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग 1 सितंबर से 31 दिसंबर तक राज्य में आयुष्मान भव विशेष अभियान चलाएगा। चार माह तक चलने वाला यह अभियान से हर घर तक पहुंचकर सभी लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं में शामिल किया जाएगा। मुख्य सचिव गुरुवार को आयुष्मान भव अभियान को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत आयुष्मान आपके



द्वार, आयुष्मान सभाएं, आयुष्मान मेले, आंगनवाड़ी और सरकारी स्कूलों के सभी बच्चों की स्क्रीनिंग, आयुषमान ग्राम पंचायत व सेवा पखवाड़ा सहित 7 मुख्य स्वास्थ्य विषयों पर विभाग के पदाधिकारी नागरिकों तक पहुंचेगें और उनका जीवन सुखमय बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि आयुष्मान आपके द्वार के तहत गांव, खण्ड एवं जिला स्तर पर आयुष्मान भारत चिरायु स्कीम के 1.80 लाख रुपये तक आय वाले परिवारों के निशुल्क तथा 3 लाख रुपये तक की आय वाले परिवारों से 1500 रुपये प्रति परिवार प्रति वर्ष लेकर लगभग 8 लाख नागरिकों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जाएंगे। इसके अलावा गांव स्तर पर लोगों को जागरूक करने के लिए ग्राम सभाएं आयोजित की जाएगी। इनमें स्वास्थ्य, सफाई और पोषण बारे विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

# लिव इन में रहने वाली महिला ने थाने के आगे जहर निगला

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

हिसार रोड स्थित महिला थाने के बाहर गुरुवार को एक महिला द्वारा जहरीली दवा पीने का समाचार है। महिला को गंभीर हालत में फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। महिला अपने पति से अलग होकर एक व्यक्ति के साथ लिव इन में रह रही थी। महिला ने उक्त व्यक्ति पर उससे जबरन शारीरिक सम्बंध बनाने और शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसकी शादी करीब 20 साल पहले रतिया क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ हुई थी।

14-15 साल से वह अपने पति से मनमुटाव होने के चलते फतेहाबाद में अलग रहने लगी।



## न्यूज फ्लैश

### भविष्य में सेंटर में अन्य कोर्स की सुविधा भी उपलब्ध होगी : जे.डी.गुप्ता



**पानीपत, कमाल हुसैन**
**रक्षाबन्धन पर 31** अगस्त को गांव कुराड़ स्थित अशोक गर्ल्स एजूकेशन सेंटर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सेंटर संचालक जे.डी.गुप्ता की माता चंद्रोदेवी गुप्ता रही।
कार्यक्रम में जे.डी.ग्रुप भिवाड़ी व दिल्ली के चेयरमैन एवं संस्थापक अशोक गर्ल्स एजूकेशन सेंटर जे.डी.गुप्ता व उनकी पत्नी अलका गुप्ता ने सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी लड़कियों से राखी बंधवाई तथा उन्हें मिठाई व उपहार प्रदान किए। वहीं जे.डी.गुप्ता ने कहा कि अशोक गर्ल्स एजूकेशन सेंटर में फिलहाल गांव की गरीब युवतियों व महिलाओं को सिलाई व पढ़ाई कराई जाती है। भविष्य में यहां पर अन्य कोर्स जिसमें ब्यूटी पार्लर, मसाले बनाना व कम्पयूटर भी सिखाया जाएगा। इनता ही नहीं जे डी ग्रुप भिवाड़ी व दिल्ली द्वारा संचालित उक्त सेंटर में कोर्स सम्पन्न होने पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली लड़कियों व उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वह पूर्णतया आत्मनिर्भर बन अपने परिवार की आर्थिक सहायता कर सके।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
**(मो. नं. : 9813507693)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# आजादी का अमृत महोत्सव यूनिटी के तहत छात्रों को किया जागरूक

## पुलिस की कार्यशैली और यातायात नियमों बारे किया गया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** द्वारा आज डीएसपी ट्रैफिक नायाब सिंह की देखरेख में सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के बच्चों को आजादी का अमृत महोत्सव यूनिटी के तहत जागरूक किया गया। इसमें बच्चों को उनके स्कूलों से लाकर जिला के अलग-अलग थानों में ले जाकर पुलिस की ड्युटियां और उनकी ड्युटियों के बीच आने वाली चुनौतियां के बारे में बताया गया कि पुलिस को अपनी ड्यूटी करते समय किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बच्चों को यातायात के नियमों के बारे में भी बताया गया है कि कैसे हम यातायात के नियमों के बारे में जानकर होने वाली सडक दुर्घटना से स्वयं और दूसरों को बचा सकते हैं। छात्रों को ट्रैफिक सिग्नल के बारे में



भी जानकारी दी गई।
इसके अलावा सभी बच्चों को नशे से दूर रहने का पाठ भी पढ़ाया गया और नशे से होने वाली हानि के बारे में विस्तार से समझाया गया। बच्चों को साइबर अपराधों के प्रति भी सतर्कता बरतने को कहा गया। उनको बताया गया कि कैसे हम थोड़ी सी चूक के कारण साइबर अपराध का पीड़ित बन सकते हैं और साइबर अपराध होने पर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया गया। सभी बच्चों को पहले थाना मधुबन में ले जाया गया, जहां एसएचओ निरीक्षक विनोद ने सभी बच्चों को पुलिस कार्यशैली के बारे में गहनता से बताया और फिर सभी बच्चों को थाना सेक्टर 32-33 में लाया गया। यहां थाना एसएचओ सब इंस्पेक्टर सलिंदर सिंह द्वारा बच्चों को पुलिस ड्यूटी में आने वाली कठिनाइयां और उनसे निपटाने के बारे में अवगत कराया गया। सभी बच्चों को कहा गया कि अगर आपके आसपास अपराध संबंधी कोई घटना होती है तो आप तुरंत डायल 112 पर कॉल करें या नजदीकी थाना या पुलिस चौंकी को जानकारी दें, ताकि पुलिस समय पर पहुंचकर आमजन की समस्या का समाधान कर सके।

# सैशन जज ने एमडीडी बाल भवन का किया दौरा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला और सत्र** न्यायाधीश चंद्रशेखर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश एवं मुख्य दंडाधिकारी सुश्री जसबीर ने बताया कि पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार एमडीडी बाल भवन फूसगढ़ रोड में रहने वाले बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और आवास की देखभाल के लिए दौरा किया।
एमडीडी बाल भवन के संरक्षक पीआर नाथ एवं सुरेन्द्र मान ने बताया कि समाज के निराश्रित बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है या वे बच्चे जिनके माता-पिता उनका भरण पोषण करने में सक्षम नहीं हैं, एमडीडी ऑफ इंडिया चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन पूरी लगन के साथ उनकी देखभाल कर रहा है। उन्होंने बताया कि एमडीडी चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन में वर्तमान में 43 लड़कियां रह रही हैं। सभी लड़कियां विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ रही हैं। एमडीडी चाइल्ड केयर संस्था की ओर से उन्हें सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। एमडीडी बाल भवन अनाथालय एक प्यारा शांतिपूर्ण घर से दूर घर है, जिसका एकमात्र उद्देश्य उन वंचित अनाथों के जीवन से प्यार करना और उनकी देखभाल करना है, जिनके पास दावा करने के लिए कुछ भी नहीं है और खुद से पूछने के लिए कोई नहीं है। जिला और सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने बच्चों का व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से साक्षात्कार किया और उनसे उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा।
कुछ बच्चों से कविताएं सुनकर उनका मनोबल भी बढ़ाया गया एवं उनको प्रेरणा भी दी गई और उन्होंने बताया कि उन्हें दी जा रही सुविधाओं से वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एमडीडी का प्रबंधन बहुत देखभाल करने वाला संस्थान है। संस्था द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के संबंध में संस्था में रहने वाले बच्चों द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई।

# मुख्यमंत्री लाल ही है अंत्योदय के सच्चे उपासक : सुभाष चन्द्र

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**स्टेट टास्क** फोर्स स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाईस चेयरमैन सुभाष चन्द्र के आवास पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद व्यक्त करने के ग्रामीण चौकीदार पहुंचे। आभार व्यक्त करने आए चौकीदारों के प्रतिनिधि मंडल को उन्होंने मिठाई खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। सुभाष चन्द्र ने कहा कि भाजपा की करनी व कथनी में कोई अंतर नहीं है। भाजपा सत्ता को सेवा का सशक्त माध्यम मानती है।
चौकीदारों के मानदेय में वृद्धि कर मुख्यमंत्री ने अंत्योदय उत्थान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को उजागर किया है। सुभाष चन्द्र ने कहा कि मुख्यमंत्री वास्तव में अंत्योदय के



उपासक हैं। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए इस कार्य से सभी चौकीदारों के परिजनों में खुशी का माहौल है। सुभाष चंद्र ने कहा कि हरियाणा सरकार के अंत्योदय उत्थान का ही परिणाम है कि उन्होंने अनुसूचित जाति को सरकारी नौकरी के ग्रुप ए और ग्रुप बी में 20 प्रतिशत आरक्षण देने का लाभ दिया है, जबकि किसी अन्य सरकार ने अब तक यह करने की हिम्मत नहीं दिखाई।

# बाल यौन शोषण के अपराधियों को है कड़ी सजा का प्रावधान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला एवं सत्र** न्यायाधीश चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पुलिस विभाग के एसएचओ, जिला शिक्षा अधिकारी, आंगनवाडी वर्करस, पैनल अधिवक्ताओं व पैरा लिगल वालंटियरस के लिए मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सुश्री जसबीर व प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, ज्यूविनायल जस्टिस बोर्ड सुश्री सुयेषा जावा द्वारा वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं व पैरा लिगल वालंटियरस को पोक्सो एक्ट व ज्यूविनाइल जस्टिस एक्ट की जानकारी दी गई।
सीजेएम सुश्री जसबीर ने बताया कि



बच्चों के यौन शोषण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सरकार द्वारा पोक्सो एक्ट लागू किया है। इस अधिनियम के अंतर्गत बाल यौन शोषण के अपराधियों को कड़ी सजा का प्रावधान है। इस तरह का मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस विभाग द्वारा बाल कल्याण समिति को 24 घण्टे के अंदर सूचना भेजी जानी चाहिए और पीड़िता की मैडिकल जांच सिर्फ महिला चिकित्सक द्वारा की जानी चाहिए, जिसमे केवल दर्दरहित जांच ही शामिल होती है। यह जांच पीड़िता के अभिभावक एवं विश्वसनीय व्यक्ति की देखरेख में होनी चाहिए। सुयेषा जावा ने ज्यूविनाइल जस्टिस एक्ट की जानकारी देते हुए बताया कि ज्यूविनाइल जस्टिस एक्ट के अंतर्गत बच्चों से संबधित अपराधों का विवरण है, जिसके अंतर्गत किसी किशोर द्वारा कानून का उल्लंघन करने वाले ज्यूविनायलों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने व उनकी देखभाल व संरक्षण भी शामिल है। जसबीर ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों से आग्रह किया कि वर्कशॉप में प्रदान की जानकारी को जनहित में उपयोग करें व किसी भी तरह की कानूनी जानकारी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संपर्क करें। मुफ्त कानूनी सलाह व सहायता के लिए हैल्पलाइन नंबर 1844-2266138 पर भी सपंर्क किया जा सकता है।

# सीजेएम ने किया श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का औचक निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य न्यायिक** दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर ने वीरवार को श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का दौरा किया और वहां रह रहे सभी बच्चों से बातें की। सीजेएम ने उनको आ रही परेशानियों के बारे में पूछा। इस पर बच्चों ने बताया कि हमें यहां पर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं है। इसके बाद सुश्री जसबीर ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम के रसोई घर में जाकर खाने की गुणवत्ता को जाकर परखा तथा



भोजन को लेकर बच्चों से बात की एवं खाद्य सामग्री अर्थात मिनी चार्ट का विवरण जाना कि उन्हें प्रतिदिन सुबह, दोपहर, रात में भोजन के दौरान क्या क्या खिलाया जाता है। उन्होंने प्रत्येक बच्चे के कक्ष में जाकर उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाएं जैसे उचित लाइट प्रबंध एवं साफ सफाई का जायजा लिया।

# डेंगू मरीज इरफान के लिये आधी रात को की प्लेट्लेट्स दान

**सोनीपत: माँ भारती** रक्तवाहिनी के सचिव प्रेम गौतम ने रात 12 बजे शहर के निजी ब्लड बैंक पहुँच कर बड़ौत उत्तर प्रदेश के अस्पताल में भर्ती मरीज इरफान के लिए प्लेट्लेट्स दान की । इस से पहले इस मरीज के लिए दिन में सँस्था अध्यक्ष विंपिन कुमार गौड़ ने भी प्लेट्लेट्स दान की थी जिसके बाद इस मरीज की रात में फिर से प्लेट्लेट्स कम हुई जिसके बाद इरफान के परिवार से विपिन कुमार के पास फोन आया । प्रेम गौतम को रात के समय ब्लड बैंक भेजा जहाँ पर उन्होंने अपना 59 वाँ डोनेशन कर मानवता की मिसाल पेश की।

# सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी करने का फैसला चुनावी स्टंट : सुमिता



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस की** पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के 10 सितंबर को करनाल में होने वाले कार्यक्रम को लेकर प्रेम नगर में एक जनसभा को संबोधित किया गया। उन्होंने सभी देशवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी।
उन्होंने कहा कि वैसे तो पूरा साल ही भाई-बहन का है, लेकिन साल में एक दिन रक्षाबंधन आता है, जब बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनके लंबी उम्र की कामना करती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का घरेलू रसोई गैस सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी करने का फैसला चुनावी स्टंट है। सुमित सिंह ने कहा कि इस साल 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले सरकार ने हार के डर से घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए कम कर दिए। पहले उन्होंने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर 300 से 1120 रुपए कर दिया और अब 200 रुपए घटाकर जनता को यह लॉलीपॉप दे दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हो रही बेतहाशा महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। सब्जियों, खाद्य वस्तुओं, रसोई गैस की कीमतों सहित पेट्रोल डीजल के दामों में हो रही वृद्धि में लोगों के समक्ष परिवार के भरण-पोषण की चिंता पैदा कर दी है बावजूद इसके भाजपाई विकास की बड़ी-बड़ी बातें करके लोगों को गुमराह करने में लगी है भाजपा ने पिछले 9 वर्ष से महंगाई बढ़ाकर गरीब आदमी को रुलाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है। कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो सबको साथ लेकर चलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोकतंत्र का नाश कर रही है, इसलिए सभी को मिलकर लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस का साथ दें। इस अवसर पर नरेश कुकरेजा, पुनीत कुकरेजा, उषा तुली, विनोद तितोरिया, आनंद मलिक, सागर, पप्पू चावला, अशोक नरवाल, महल सिंह, हितेश जैन, धर्मपाल कौशिक, बिट्टू संधू इत्यादि माजूद रहे ।

# डीसी ने किया नारी निकेतन की बिल्डिंग का औचक निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए बिल्डिंग के फाइनल फेज को जल्द पूरा करने के निर्देश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डीसी अनीश** यादव ने गुरुवार को स्मार्ट सिटी के अंतर्गत तैयार की जा रही नारी निकेतन की बिल्डिंग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बिल्डिंग के फाइनल फेज को जल्द से जल्द पूरा कर, नारी निकेतन को हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने नारी निकेतन से जुड़ी अधिकारियों से भी शिफ्टिंग को लेकर प्लॉन पर चर्चा की। इस दौरान अनीश यादव ने कहा कि



स्मार्ट सिटी के तहत करनाल में कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। उन्हीं के अंतर्गत नारी निकेतन की बिल्डिंग बनाई जा रही है। इस बिल्डिंग का जल्द उद्घाटन होगा और इसे नारी निकेतन को हैंड ओवर किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने विभाग को बिल्डिंग में शिफ्टिंग को लेकर प्लॉनिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बिल्डिंग के निर्माण से काफी लाभ मिलेगा, क्योंकि पहले जहां नारी निकेतन चलाया जा रहा है, वहां जगह कम थी। अब जगह की कमी नहीं रहेगी। इस बिल्डिंग में 75 कमरे हैं तथा यह भूतल से ऊपर 3 मंजिला है। डीसी ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को बिल्डिंग के सौंदर्यकरण का कार्य भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

# जिले में मिले डेंगू के 2 नए पॉजिटिव केस : डा. विनोद कमल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सिविल सर्जन** डॉ. विनोद कमल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से आमजन को डेंगू से बचाव बारे सचेत व जागरूक किया जा रहा है। डेंगू की रोकथाम के लिए जन समुदाय की सहभागिता बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि मच्छर प्रजनन स्थलों को चिह्नित कर तथा मच्छर प्रजनन रोकने के उपायों के बारे में आम जनता को जागरूक किया जा रहा है।
सिविल सर्जन ने बताया कि वीरवार को जिला में डेंगू के 3 केस मिले हैं तथा जिला में अब तक 70 डेंगू के केस मिले हैं। जिला में अब तक 272746 घरों को वीबीडी टीम द्वारा कवर किया जा चुका हैए इसके लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कुल 160

**सावधानी बरतें**

**मच्छर प्रजनन रोकने के उपायों के बारे में आम जनता को जागरूक किया जा रहा है**

टीमें कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सभी तरह का बुखार डेंगू नहीं होता है। बुखार होने पर बिना समय गंवाए डॉक्टर से संपर्क करें। डॉक्टर जांच के बाद जैसा परामर्श दें उसके अनुसार अपना इलाज करवाएं। डेंगू होने की स्थिति में सभी मरीजों को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

# सैशन जज-सीजेएम ने किया प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन का निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला एवं सत्र** न्यायाधीश चंद्रशेखर, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश एवं मुख्य दंडाधिकारी सुश्री जसबीर ने वीरवार को प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेस ऑफ सेफ्टी में रह रहे बाल कैदियों से वातार्लाप की और उनको होने वाली परेशानियों के बारे में जाना। इसके बाद जिला व सत्र न्यायाधीश ने उनको परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को स्वयं परखा। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रखने और अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए भी जागरूक किया, ताकि किसी भी प्रकार की बीमारी न



फैले। उन्हें यह भी बताया गया कि यदि कोई बच्चा अपने आगे के अध्ययन में सुधार करना चाहता है तो वह जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकता है। इस संबंध में स्टाफ को बच्चों के आवेदन अग्रेषित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधीक्षक को बैरकों और पुस्तकालय में बच्चों/कैदियों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित/प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों/कैदियों को कानूनी सेवायें प्राधिकरण अधिनियम,1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। कुछ कैदियों/बच्चों ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित अपने मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए अनुरोध किया तथा स्टाफ को उनके आवेदनों को अग्रेषित करने का निर्देश दिया गया, ताकि मामला संबंधित न्यायालयों के ध्यान में लाया जा सके। उन्होंने अधीक्षक को विशेष रूप से किशोर न्याय अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियमों के अस्तित्व और बच्चों/कैदियों के कल्याण के तहत गठित समितियों के अस्तित्व के बारे में भी अवगत कराया गया। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया।

## संपादकीय

# भाला फेंक में नीरज का स्वर्णिम अभियान

**सावन** के पवित्र माह में चंद्रयान-3 की अभूतपूर्व सफलता के बाद भाला फेंक में नीरज चोपड़ा ने देशवासियों को नए सिरे से गौरवान्वित होने का मौका दे दिया। इस वर्ष का अधिमास सहित सावन अंतरिक्ष व क्रीड़ा जगत में नयी क्रांति का माह बन रहा है। भारत के नीरज चोपड़ा ने हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैपिंयनशिप के फाइनल में पहली बार स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। भाला फेंक में भारत को स्वर्ण दिलाने वाले वह पहले भारतीय एथलीट बन गये हैं। नीरज की सफलता से आज संपूर्ण भारत गर्वित व आनंदित है। नीरज की स्वर्णिम सफलता पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित पूरे देश ने बधाई दी है। नीरज ने इस सफलता के साथ ही अगले ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। नीरज ने फाइनल में 88.17 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता। बुडापेस्ट एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पहली बार भारत के तीन खिलाड़ी भाला फेंक प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। जिसमें किशोर जेना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवें स्थान पर रहे जिनका स्कोर 84.77 और डीपी मनु छठे स्थान पर रहे जिनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84.14 रहा। नीरज चोपड़ा के लिए यही एक प्रतियोगिता बची थी जिसमें उन्हें स्वर्ण नहीं मिला था और वह सपना भी इस बार पूरा हो गया है। इससे पूर्व वह इसी प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर चुके हैं। इससे पूर्व टोक्यो ओलम्पिक में नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। तब नीरज ने 87.58 मीटर की थ्रो के साथ भारत की झोली में पहला स्वर्ण डाला था जिसके साथ ही पूरा देश खुशी से झूम उठा था और नीरज को कई मंचों पर सम्मानित किया गया था। भाला फेंक प्रतियोगिता में नीरज भारत के युवाओं के लिए आदर्श बनकर उभरे हैं। जब नीरज ने पहली बार ओलंपिक में स्वर्ण जीता तो संपूर्ण भारत में उनके व भाला फेंक के लिए दीवानगी युवाओं में देखी गयी थी। आज भारत में 7 अगस्त को इसलिए भाला फेंक दिवस भी मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने इतिहास रचा था। यही कारण है कि भाला फेंक में अगस्त का महीना क्रांति ला रहा है। 7 अगस्त को पूरे भारत में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य भारत में जेवलिन थ्रो को बढ़ावा देना है। नीरज चोपड़ा के खेल जीवन की यात्रा नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2012 में स्वर्ण पदक जीतने से प्रारम्भ हुई जो अभी तक जारी है। नीरज ने 2018 के एशियाई खेलों व 2020 के ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता। वर्ल्ड चैंपियनशिप 2022 में सिल्वर पदक जीता।2018 में नीरज को अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसके बाद इन्हें 2020 में विशिष्ट सेवा मेडल, 2021 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड, 2022 में पद्मश्री और परम विशिष्ट सेवा मेडल से भी सम्मानित किया जा चुका है। नीरज चोपड़ा ने मई 2023 में दोहा डायमंड लीग में 88.67 मीटर से भाला फेंक कर पहला स्थान प्राप्त कर देश को गर्वित किया था। नीरज आज देश के युवाओं को एक उर्जावान संदेश दे रहे हैं और हर भारतवासी को आनंदित कर रहे हैं।

# राजस्थान में परिवर्तन यात्राओं के सहारे भाजपा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> प्रदेश की गहलोत सरकार के राज में भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण एंव कुशासन के कारण प्रदेश की जनता त्रस्त है। इसलिए कांग्रेस की इस जनविरोधी सरकार को उखाड फेंकने के लिए जनता ने संकल्प ले लिया है। विधानसभा चुनाव से पहले निकाली जा रहीं भाजपा की चारों परिवर्तन यात्राओं को केंद्रीय स्तर के नेता रवाना करेंगे। भाजपा ने किसी एक चेहरे को इन यात्राओं की जिम्मेदारी नहीं दी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि प्रदेश स्तर की यात्राओं में भाजपा आलाकमान ने किसी भी स्थानीय नेता को जिम्मेदारी क्यों नहीं दी। इसका मुख्य कारण कारण पार्टी में व्याप्त गुटबाजी को माना जा रहा है। किसी एक नेता के चेहरे को आगे करने से पार्टी के अन्य नेता नाराज हो सकते हैं। इससे बचने के लिए पार्टी ने यह कदम उठाया है।

**राजस्थान** भाजपा में आपसी गुटबाजी खुलकर उजागर हो रही है। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित सभी बड़े नेता अपने को फ्रंट में लाने के प्रयास में लगे हुयें हैं। वसुंधरा समर्थको को मानना है कि उनको ताकत दिखाने का अब अंतिम अवसर है। यदि इस बार चूक गए तो फिर मुख्य धारा की राजनीति में पिछड़ जाएंगे। वसुंधरा समर्थक कई विधायकों को तो इस बात का डर भी सता रहा है कि यदि मैडम राजनीतिक रूप से कमजोर होती है तो उनकी टिकट भी खतरे में पड़ सकती है। इसीलिए वसुंधरा के सभी समर्थक जोर दे रहे हैं की मैडम पार्टी आलाकमान से दो टूक बात करें। पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व भी राजस्थान में भाजपा की फूट को लेकर पूरी तरह सतर्क है। भाजपा आलाकमान जानता हैं कि राजस्थान भाजपा में सभी नेताओं के अपने-अपने गुट बने हुए हैं। जिसके चलते सभी एक दूसरे की टांग खींचाई करने में लगे हुए हैं। भाजपा ने अपने प्रादेशिक नेताओं की आपसी खेतान के चलते ही प्रदेश के चार क्षेत्रों में निकली जाने वाली परिवर्तन संकल्प यात्रा का नेतृत्व किसी भी बड़े नेता को नहीं सौंपा है। भाजपा चारों यात्राओं का नेतृत्व सामूहिक रूप से करने का निर्णय लिया है। ताकि यात्रा के बहाने कोई नेता खुद को बडा नहीं दिखा सके। यात्रा के संयोजन की जिम्मेदारी पार्टी ने दूसरी पंक्ति के नेताओं को दी है ताकि बिना गुटबाजी के यात्राओं का समापन हो सके।

ऐसे में अब पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन मेघवाल, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया सहित किसी भी अन्य नेता के बीच मुख्यमंत्री बनने की होड़ खत्म हो गई है। अब अगर पार्टी सत्ता में आती है तो शीर्ष नेतृत्व ही तय करेगा कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। भाजपा की ओर से निकाली जाने वाली परिवर्तन यात्रा को लेकर चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नारायण पंचारिया ने बताया कि भाजपा प्रदेश में आगामी दो सितंबर से परिवर्तन यात्रा की शुरूआत करेगी। यह यात्रा चार अलग-अलग स्थानों



और दिशाओं से प्रदेश भाजपा के सामूहिक नेतृत्व में 8,982 किलोमीटर का सफर तय कर प्रदेश की 200 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। परिवर्तन यात्रा के दौरान किसान चैपाल, युवा मोटरसाईकिल रैली, महिलाओं की बैठक और दलित चैपालें भी आयोजित होंगी। पहली परिवर्तन संकल्प यात्रा दो सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में त्रिनेत्र गणेश मंदिर रणथंबौर सवाईमाधोपुर से प्रारंभ होगी। जिसमें भाजपा का प्रदेश नेतृत्व मौजूद रहेगा। प्रथम परिवर्तन यात्रा 18 दिनों में 1847 किलोमीटर चलकर भरतपुर संभाग, जयपुर संभाग एंव टोंक जिले की 47 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। इस यात्रा के संयोजक भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुवेर्दी व सह संयोजक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र गोठवाल होंगे। दूसरी परिवर्तन यात्रा तीन सितंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में बेणेश्वर धाम डूंगरपुर से प्रारंभ होगी। दूसरी यात्रा के दौरान 19 दिनों में 2433 किलोमीटर चलकर उदयपुर संभाग, कोटा संभाग और भीलवाडा जिले की कुल 52 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। इस यात्रा का संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया को व सह संभाग प्रभारी प्रमोद सांभर सह सयोंजक के दायित्व का निर्वहन करेंगे। तीसरी परिवर्तन यात्रा चार सितंबर को केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में रामदेवरा जैसलमेर से प्रारंभ होगी। यह यात्रा 18 दिनों में 2574 किलोमीटर चलकर जोधपुर संभाग, अजमेर व नागौर जिले की कुल 51 विधानसभा क्षेत्रों में जायेगी। इस यात्रा के संयोजक राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत को बनाया गया है। जोधपुर सह-संभाग प्रभारी सांवलाराम देवासी सहसंयोजक होंगे। चौथी परिवर्तन यात्रा पांच सितंबर को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में गोगामेडी हनुमानगढ से प्रारंभ होगी। यह यात्रा 18 दिनों में 2128 किलोमीटर चलकर बीकानेर संभाग, झुंझुनू, सीकर और अलवर जिले की कुल 50 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। इस यात्रा का संयोजक पूर्व केन्द्रीय मंत्री सीआर चौधरी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रवण बगडी को सह संयोजक बनाया गया है। इन सभी यात्राओं के लिए एक टोली का गठन किया गया है। जिसमें मीडिया, सोशल मीडिया, आईटी एंव प्रचार-प्रसार सभा के प्रमुख बनाए गए हैं।

प्रदेश की गहलोत सरकार के राज में भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण एंव कुशासन के कारण प्रदेश की जनता त्रस्त है। इसलिए कांग्रेस की इस जनविरोधी सरकार को उखाड फेंकने के लिए जनता ने संकल्प ले लिया है। विधानसभा चुनाव से पहले निकाली जा रहीं भाजपा की चारों परिवर्तन यात्राओं को केंद्रीय स्तर के नेता रवाना करेंगे। भाजपा ने किसी एक चेहरे को इन यात्राओं की जिम्मेदारी नहीं दी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि प्रदेश स्तर की यात्राओं में भाजपा आलाकमान ने किसी भी स्थानीय नेता को जिम्मेदारी क्यों नहीं दी। इसका मुख्य कारण कारण पार्टी में व्याप्त गुटबाजी को माना जा रहा है। किसी एक नेता के चेहरे को आगे करने से पार्टी के अन्य नेता नाराज हो सकते हैं। इससे बचने के लिए पार्टी ने यह कदम उठाया है। पार्टी आलाकमान नहीं चाहता कि चुनाव से पहले किसी तरह के मतभेद सामने आएं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भाजपा की राष्टीय उपाध्यक्ष हैं। विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी आलाकमान ने उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी है। इससे राजे और उनके समर्थक नाराज बताए जा रहे हैं। परिवर्तन यात्रा को लेकर भी पार्टी ने राजे को कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी है। इससे पहले हुए भाजपा के कई कार्यक्रम में राजे शामिल नहीं हुईं थीं। कुछ दिनो पूर्व गंगापुरसिटी में अमित शाह के कार्यक्रम में भी वसुंधरा राजे शामिल नहीं हुयी जबकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उस कार्यक्रम में उपस्थित थे। ऐसे में अभी तक इस पर संशय बना हुआ है कि वसुंधरा राजे परिवर्तन संकल्प यात्रा में शामिल होंगी या नहीं। इसकी तस्वीर आने वाले दिनों में साफ होगी। भाजपा आलाकमान विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चेहरा बना रहा है। मगर पार्टी के अंदरखाने मची जंग पर अभी तक नियंत्रण नहीं कर पाया है। वसुंधरा राजे दो बार मुख्यमंत्री रहने से उनका आज भी लोगों पर काफी प्रभाव है। यदि पार्टी आलाकमान चुनाव में उनकी उपेक्षा करेगा तो यह पार्टी के लिए घाटे का सौदा भी साबित हो सकता है। फिलहाल वसुंधरा राजे अभी चुप्पी साधे हुए हैं तथा समय का इंतजार कर रही है। अंदर खाने वसुंधरा राज्य ने अपनी राजनीति का अगला प्लान तैयार कर रखा है। इसलिए वह अपने धुर विरोधियों से मिलकर उनसे राजनीतिक मतभेद समाप्त कर रही हैं। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस की फिर से सरकार बनाने के लिए पूरा जोर लगाए हुए हैं। कांग्रेस आला कमान के प्रयासों से सचिन पायलट भी गहलोत के साथ जुट गए हैं। ऐसे में भाजपा अपनी अंदरुनी फूट पर कितना काबू कर पाती है। इसी पर राजस्थान में भाजपा की अगली सरकार बनने का भविष्य टिका है।

## कविता

हमारे पास क्या है ?
हलधर हैं हम, हमारे पास है तो बस
मिट्टी से लथपथ खेत,
ईश्वर के रहमो-करम से बरसा बारिश का
मैला-कुचैला सा पानी !
खुले में घुरघुराते हैं ऊंट
रंभाती गायें बंधी हैं खूंटों से
बछड़ों और भेड़ों की मिमियाहटें हैं
मैं रर- मैं रर, 'बा' 'बा' की ध्वनियां निकालती
कुछ बकरियां हैं
कुदाली, फावड़ा की खुदाई
मेहनत का पसीना
न्यातने(छोटा सूती कपड़ा) में बंधी हुई सूखी
रोटियां
सिलबट्टे पर मेहनत से रगड़ी हुई
लाल और हरी मिर्च, प्याज और लहसुन की
चटनी
आधुनिक चकाचौंध से दूर
यहां खेत-ढ़ाणियों में आज भी
रात के आगोश में चिमनियां भिनभिनाती हैं
ब्रह्मांड भर नींद
सुकून और शांति भी है
फूस और टीन का छप्पर भी है
हमें इस 'धरती की मिट्टी ' ने देखा है
किसी और ने नहीं
अमिट इबारत लिखते हैं हम हल की नोंक से
नहीं मांगते हम हलधर
कभी हीरे-जवाहरात और मोती
हमारे पास झूठ का पुलिंदा मौजूद नहीं है
नदी भर कर्ज.जरूर मौजूद है

सुनील कुमार

# कोटा कोचिंग में नाबालिग आत्महत्याएं

**डॉ. विशेष गुप्ता**

**राजस्थान** के कोटा कोचिंग संस्थानों में नवागत छात्र - छात्राओं के बीच आत्महत्याओं का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बीते रविवार को मात्र चार घंटे में फिर से दो छात्रों ने आत्महत्या कर ली है। एक छात्र ने मॉक टेस्ट में कम अंक आने पर रविवार दोपहर में कोचिंग संस्थान की छठी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली,वहीं दूसरे छात्र ने अपनी प्रतियोगी परीक्षा के टेस्ट में कम अंक आने पर अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आंकड़े गवाह हैं, कोटा में इस साल के पिछले 7-8 महीनों में 23 छात्रों,जबकि इसी अगस्त माह में ही सात छात्रों ने आत्महत्या कर ली। कोटा में नाबालिग छात्रों के बीच आत्महत्याओं का इस साल का यह आंकड़ा पिछले एक दशक में सबसे अधिक रहा है। अब तो ऐसा लगने लगा है कि जैसे कोटा कोचिंग हब के साथ-साथ आत्महत्याओं का हब भी बन रहा है ।

कोटा में आज जिस प्रकार से इन बच्चों में आत्महत्या करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, उससे अब कोटा की कोचिंग व्यवस्था पर अनेक सवाल उठने शुरू हो गए हैं। पहले जरा आंकड़ों पर गौर करें,तो पता लगता है कि पिछले दस-ग्यारह सालों में कोटा में 175 से भी अधिक बच्चे आत्महत्या के शिकार हो चुके हैं । कोटा कोचिंग से जुड़े पिछले ग्यारह सालों के आंकड़े भी बताते हैं कि 2011 में छह स्टुडेंट्स ने, 2012 में 11, 2013 में 26 , 2014 में 14, 2015 में 18, 2016 में 17 छात्रों,जबकि 2017 में 7 ,2018 में 20 विद्यार्थियों ,2019 में 18, 2022 में 15 छात्रों ने खुदकुशी की। कोटा की कोचिंग व्यवस्था में जिस प्रकार इन नाबालिग बच्चों के जीवन में करियर को लेकर एक भावना पनप रही है, उससे भविष्य में इन घटनाओं के और अधिक बढ़ने से इंकार नहीं किया जा सकता। कोटा की कोचिंग से जुड़े आंकड़े साफ करते हैं, वहां हर साल दो लाख से भी अधिक टीनेजर्स छात्र कोचिंग के लिए कोटा आते हैं । इन सभी का स्वप्न उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने और उसको उत्तीर्ण करने के बड़े स्वप्नों से जुड़ा हुआ होता है ।

इस कोचिंग पर अभिभावक हर वर्ष तीन से चार लाख रूपए खर्च करते हैं । कभी-कभी इन छात्रों के अभिभावक कोचिंग की यह फीस बैंक या अन्य संस्थाओं से ऋण लेकर भी चुकाते हैं । इसलिए कई बार कोचिंग से जुड़े ये छात्र अपने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को लेकर भी काफी दवाब में रहते हैं । पिछल दिनों कोटा में कोचिंग कर रहे दर्जन भर छात्रों से संवाद करने पर पाया कि वहां के अध्यापक कोचिंग में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगी छात्रों को आगे की पंक्ति में बैठाकर उन पर अधिक ध्यान देते हैं । दूसरी ओर जो प्रतियोगी छात्र कोचिंग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं, कई बार फैकल्टी उन्हें डांट-डपट करती है।

## विचार

# निमाड़ की चाबी से खुलेगा एमपी की सत्ता का ताला

**नरेंद्र तिवारी पत्रकार**

**मध्यप्रदेश** में विधानसभा चुनाव का माहौल बनने लगा है। राजनीतिक दलों में टिकट चयन की प्रक्रिया जारी है। इन दलों के नेताओं की आदिवासी बाहुल्य पश्चिम निमाड़ के खरगोन-बड़वानी जिले की दस विधानसभा सीटो पर खास नजर है। ऐसा माना जाता है कि इन दो जिलों की दस विधानसभा सीटों में अधिकांश जिस दल के पाले में गयी। प्रदेश की सत्ता पर उसी दल का कब्जा माना जाता है। 2018 में इस जिले की दस में से आठ पर कांग्रेस, एक पर भाजपा तथा एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने विजय हासिल की थी। कॉंग्रेस को मिली इस विजयी से प्रदेश में कमलनाथ के नैतृत्व में कांग्रेस की सरकार काबिज हुई थी। वर्ष 2018 में बनी कांग्रेस सरकार का 15 माह बने रहने के बाद तख्ता पटल होना एक अलग कहानी का हिस्सा है। कहने का आशय साफ है। पश्चिम निमाड़ की चाबी से मध्यप्रदेश की सत्ता का ताला खुलता है। मध्यप्रदेश की सत्ता को प्राप्त करने के लिए अब सम्पूर्ण प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस ने उम्मीदवारों की पड़ताल शुरू कर दी है। कहीं-कहीं तो उम्मीदवारों के नामो पर हाईकमान की मोहर भी लग गयी है। भाजपा द्वारा प्रदेश में घोषित 39 उम्मीदवारों में इस जिले के दो उम्मीदवार भी घोषित किये गए है। निमाड़ की इन दस विधानसभा सीटों पर अब क्या हलचल है। क्या कांग्रेस 2018 का परिणाम दोहरा पाएगी ?

मौजूदा विधायकों में किन चेहरों पर परिवर्तन की गाज गिरने वाली है ? कौनसे चेहरे फिर से दोहराए जा सकते है ? प्रदेश की सत्ता तक पहुचाने वाले पश्चिम निमाड़ के खरगोन-बड़वानी जिलों की दस विधानसभा सीटों का हाल जानना मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिहाज से बेहद आवश्यक जान पड़ता है। पश्चिम निमाड़ का महत्व जानने के लिए आपको इस क्षेत्र के उन ख्यातनाम चेहरों को जानना जरूरी है जो न सिर्फ मध्यप्रदेश की राजनीति में ऊंचाइयों को छू सके है। इन नामो ने राष्ट्रीय राजनीति में भी निमाड़ का नाम रोशन किया। उन शिखर पुरुषों में पूर्व सांसद स्व.रामचन्द बडे जो दो बार लोकसभा सभा सदस्य रहे, इन नामों में स्व.सुभाष यादव का नाम लंबे समय तक निमाड़ की राजनीति में चर्चित रहा है। वें दो बार सांसद रहे, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष सहित अनेको पदों पर काबिज रहे है। पूर्व सांसद स्व.रामेश्वर पाटीदार ने इस लोकसभा क्षेत्र का पांच बार नैतृत्व किया है। ताराचंद पटेल, कृष्णमुरारी मोघे, सुभाष पटेल, मकनसिंह सोलंकी भी लोकसभा के सदस्य रह चुके है। अरुण यादव लोकसभा सदस्य के साथ मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे, विजयलक्ष्मी साधौ राज्यसभा सदस्य के पद पर काबिज रही, कैबिनेट मंत्री का दायित्व भी एक से अधिक बार वहन कर चुकी है, वर्तमान में महेश्वर से विधायक है, बाला बच्चन कमलनाथ सरकार में गृहमंत्री रहे है, उन्होंने विपक्ष के नेता सहित एक से अधिक बार कैबिनेट मंत्री का दायित्व निभाया है। गजेंद्र पटेल मौजूदा लोकसभा के सदस्य है, सुमेरसिंह सोलंकी राज्यसभा सदस्य है। अंतरसिंह आर्य ने तीन बार कैबिनेट मंत्री का दायित्व संभाला है। सचिन सुभाष यादव कसरावद के वर्तमान विधायक भी कैबिनेट मंत्री रह चुके है। प्रेमसिंह पटेल बड़वानी जिले के एकमात्र भाजपा विधायक है, जो प्रदेश की शिवराज सरकार में कैबिनेट मंत्री का पद संभाल रहे है। निमाड़ की खरगोन-बड़वानी लोकसभा लगातार तीसरी बार भाजपा के पक्ष में गयी है। इस संसदीय क्षेत्र के वर्तमान लोकसभा सदस्य गजेंद्र पटेल है। भाजपा द्वारा 2009 एवं 2014 के लोकसभा चुनावों में चेहरे बदलकर जीत दर्ज की थी। पश्चिम निमाड़ इन नेताओं के माध्यम से प्रदेश एवं राष्ट्रीय राजनीति में अपनी प्रभावी पहिचान रखता है। भाजपा-कांग्रेस से जुड़े इन चेहरों के नाम से प्रदेश की राजनीति अब भी चल रही है।

जनसंघ के पूर्व सांसद स्व. रामचन्द विट्ठल बड़े द्वारा निमाड़ के आदिवासी किसानों के साथ वन अधिकार पट्टों के लिए दिल्ली तक की गई पदयात्रा, एमपी के किसानों की समस्याओं के लिए पूर्व सांसद, मध्यप्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व.सुभाष यादव द्वारा अपनी ही सरकार के विरुद्ध राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऐतिहासिक चक्का जाम अब भी निमाड़ के जहन में बसा हुआ है। स्व.सुभाष यादव निमाड़ की राजनीति के बड़े चेहरे रहे है। एमपी कांग्रेस राजनीति में उनका लंबे समय तक निर्यायक हस्तक्षेप रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# डिजिटल युग में छात्रों को कैसे संलग्न करें

**विजय गर्ग**

**छात्रों को** व्यस्त और प्रेरित रखने का कार्य शिक्षकों के लिए सबसे महत्वपूर्ण चुनौती है, विशेष रूप से डिजिटल व्यवधानों के कारण बढ़ती जटिलताओं के साथ। शिक्षक छात्रों को कक्षा के दौरान बाहर जाने से रोकने के लिए रणनीतियों से जूझ रहे हैं। छात्रों को संलग्न और प्रेरित करने के लिए नवीन शिक्षण रणनीतियों की आवश्यकता होती है।

विशेष रूप से डिजिटल युग में, शिक्षकों के लिए प्रासंगिक बने रहने के लिए अद्यतन रहना महत्वपूर्ण है। तकनीकी संसाधनों की विशाल श्रृंखला ने प्रभावी शिक्षण के लिए नई संभावनाएँ खोल दी हैं। छात्रों को संलग्न करने और प्रेरित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण रणनीतियों में से एक कक्षा में प्रौद्योगिकी को शामिल करना है। इसमें निम्नलिखित रणनीतियाँ शामिल हैं: कक्षा निर्देश के पूरक के लिए शैक्षिक ऐप्स और सॉफ़्टवेयर का उपयोग करना पाठ योजनाओं में वीडियो, ऑडियो आदि जैसे मल्टीमीडिया तत्वों को शामिल करना समूह परियोजना और चचाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए ऑनलाइन सहयोग टूल का उपयोग करना छात्रों के सीखने का आकलन करने और उनकी प्रगति और सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों को ट्रैक करने के लिए डिजिटल टूल का उपयोग करना छात्रों और अभिभावकों के साथ संवाद करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करना अनुकूली शिक्षण प्रौद्योगिकियों के माध्यम से वैयक्तिकृत शिक्षण अनुभव प्रदान करना प्रौद्योगिकी का प्रभावी ढंग से उपयोग करके, शिक्षक अधिक गतिशील और आकर्षक कक्षा वातावरण बना सकते हैं जो छात्रों को भाग लेने और सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। हालाँकि सभी शिक्षकों के पास विभिन्न प्रकार के प्रौद्योगिकी उपकरणों तक पहुँच नहीं हो सकती है, लेकिन इससे उन्हें वैश्विक रुझानों से अच्छी तरह परिचित होने और नवीन शैक्षणिक प्रथाओं को विकसित करने के लिए अन्य तरीकों का उपयोग करने में बाधा नहीं आनी चाहिए। कक्षा में गेमीकरण एक अन्य प्रमुख रणनीति कक्षा में गेमिफिकेशन का उपयोग करना है।

# मजदूर का पसीना सूखने से पहले उसकी मजदूरी मिल जानी चाहिए

**वीरेंद्र बहादुर सिंह**

**आप ने** न जाने कितनी बार अपने इस्त्री वाले से कहा होगा कि बिल दो लिन बाद ले जाना? आप ने अपने फेरी वाले से न जाने कितनी बार कहा होगा कि अखबार का पैसे कल लेना? आप ने अपने केबल वाले से भी ऐसा ही कहा होगा कि केबल का पैसा आने वाले बिल के साथ दे दूंगा। हमारे घर पर काम करने आने वाले या सेवा प्रदान करने आने वाले लोगों की उनकी मेहनत और उनकी सेवा का पैसा अदा करने में 'आज नहीं, कल' करने की हम सभी की आदत होती है।

हम सभी को इसमें कुछ हैरानी भी नहीं होयी। मेहनत का पैसा अदा करने में इधर-उधर करना कोई बहुत बड़ी बात नहीं है और काम करने वाले लोग भी लंबे समय तक व्यावसायिक संबंध बने रहें, इसलिए यह सब चलाते रहते हैं। पर कम्युनिस्ट विचारधारा ने इसे मजदूरों के शोषण के रूप में देखा है। इस बात को 1983 में आई अमिताभ बच्चन की बहुचर्चित फिल्म 'कुली' में बहुत अच्छी तरह पेश किया गया था। 'कुली' फिल्म बच्चन के लिए लगभग घातक कही जा सके इस दुर्घटना के कारण बहुत चर्चा में रही थी। यह बाक्सआफिस पर सुपरहिट भी इसीलिए रही थी कि अमिताभ बच्चन इसमें शूटिंग के दौरान जख्मी हो कर मरते-मरते बचे थे। 26 जुलाई, 1982 को बेंगलुरु यूनिवर्सिटी कैंपस में सहकलाकार पुनीत इस्सर के साथ की फाइट सीन में टेबल का कोना उनके पेडू में इस तरह जबरदस्त रूप से लगा था कि छह महीने तक उन्हें इलाज कराना पड़ा था। मुंबई के ब्रीच केंडी अस्पताल में अमिताभ बच्चन कुछ मिनटों के लिए 'क्लीनिकली डेड' भी हो गए थे। उन दिनों प्रधानमंत्री (इंदिरा गांधी) से ले कर आमजनता तक सभी ने उनके जीवनदान के लिए अनेक प्रार्थनाएं की थीं।

छह महीने बाद जनवरी महीने से फिल्म के निर्देशक मनमोहन देसाई ने 'कुली' को शूटिंग वहीं से शुरू की थी। जिसमें अमिताभ बच्चन की जानलेवा दुर्घटना हुई थी, छह महीने बाद फिल्म रिलिज हुई तो थिएटरों में परदे पर उस शाट को स्थिर कर दिया गया था, जहां हीरो के पेट में लगा था।

# निर्माण कार्यों का हर सप्ताह होगा निरीक्षण: विज

## विज ने करोड़ों रुपए की लागत से बन रहे शहीदी स्मारक का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल ने शहीदी स्मारक, आर्यभट्ट साइंस सेंटर, फीफा एप्रूव्ड फुटबाल स्टेडियम व अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल में 200 बेड बिल्डिंग के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता को निर्देश दिए कि इन सभी परियोजनाओं के कार्यो में तेजी लाना सुनिश्चित करें और अब वह हर सप्ताह विकास कार्यो की प्रगति जानने के लिए निरीक्षण करेगें। विज ने जीटी रोड पर करोड़ों रुपए की लागत से सबसे पहले शहीदी स्मारक का निरीक्षण किया। मौके पर अधीक्षक अभियन्ता ने गृह मंत्री अनिल विज को अवगत करवाया कि स्मारक में आर्ट वर्क से संबंधित टेंडर खुल चुके हैं और अलॉटमेंट की प्रक्रिया जारी हैं। आर्ट वर्क से संबंधित



कार्य पर 149 करोड़ रुपए की राशि खर्च किए जाना प्रस्तावित हैं। गृह मंत्री ने अधीक्षक अभियन्ता को निर्देश दिए कि जो भी कार्य बचे है उनमें तेजी लाए, लेबर की संख्या बढ़ाते हुए दिन-रात कार्य करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्मारक से पानी निकासी बेहतर तरीके से हो इसके लिए अधीक्षक अभियन्ता से जानकारी ली। इसके उपरांत गृह मंत्री ने आर्यभट्ट साइंस सेंटर का मुआयना किया। अधिकारियों से बातचीत के दौरान उन्होंने साइंस सेंटर में भी तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए।

**कार्य प्रक्रिया**

**फीफा एप्रूव्ड फुटबाल स्टेडियम व अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल में 200 बेड बिल्डिंग के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया**

**रोड से ही नजर आएगा स्टेडियम का अंदरूनी क्षेत्र, टफन्ड ग्लास लगाने के निर्देश दिए मंत्री अनिल विज ने:** गृह मंत्री अनिल विज ने वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ संबंधित ठेकेदार से जानकारी ली और निर्देश दिए कि स्टेडियम के समक्ष जो दुकानें शिफ्ट की गई है वहां दीवार को तोड़ टफन्ड ग्लास (शीशे) लगाने के निर्देश दिए ताकि बाहर रोड से ही स्टेडियम का शानदार क्षेत्र नजर आ सके। उन्होंनें अधीक्षक अभियन्ता से किए जा रहें कार्यो बारे जानकारी लेते हुए उन्हें निर्देश दिए कि लेबर की संख्या बढ़ाकर शीट लगाने, कुर्सियां लगाने, लाइटिंग एवं अन्य कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। गृह मंत्री को अधिकारियों ने बताया कि स्टेडियम में जल्द ही एथलेटिक का ट्रैक भी लगाया जाएगा जोकि इटली से मंगवाया गया है। गृह मंत्री ने कहा कि यह फुटबाल स्टेडियम उत्तर भारत का सबसे बेहतरीन स्टेडियम है। स्टेडियम के बनने से यहां पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के डे-नाईट मुकाबले होगे। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने सिविल अस्पताल में निमार्णाधीन 200 बेड भवन का निरीक्षण किया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा इस भवन में क्रिटीकल केयर सेंटर स्थापित किया जाना है।

## न्यूज फ्लैश

### भ्रष्टाचारियों से कांग्रेस रहे, सावधानः सतपाल शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**कांग्रेस नेता** सतपाल शर्मा ने कहा कि आज देश के अंदर कांग्रेस की लहर है और देश की विभिन्न पार्टियों के लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। 9 साल तक भाजपा में मलाई खाने और भ्रष्टाचार करने के बाद भाजपा अन्य पार्टियों के नेताओं में खलबली मची हुई है उन्हें हार का डर सता रहा है यही कारण है कि भाजपा के लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं।शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विपक्ष के नेताओं को ई डी और सीबीआई का डर दिखाकर उन्हें भाजपा में शामिल कर रही है। कुलदीप बिश्नोई और मुकुल राय इसके उदाहरण हैं जैसे ही इन जैसे लोग भाजपा में शामिल हुए इन पर भ्रष्टाचार के सभी केश कैसे खत्म हो गए। आज भाजपा इसी बात को लेकर बदनाम है कि सभी भ्रष्टाचारी भाजपा में शामिल होने के बाद भ्रष्टाचार मुक्त और पवित्र हो जाते हैं। शर्मा ने कांग्रेस को चेतावनी देते हुए कहा कि आज पूरे देश के अंदर भाजपा विरोधी लहर चल रही है और केंद्र व प्रदेशों में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद भाजपा राज में भ्रष्टाचार करने वाले सरपंच,ब्लॉक समिति व जिला परिषद अध्यक्ष कांग्रेस में घुसने की कोशिश करेंगे और अपने भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस को चाहिए कि ऐसे लोगों के भ्रष्टाचार की जांच करें और उन्हें जेल में पहुंचने का कार्य करें। अगर कांग्रेस पार्टी ऐसा नहीं करती है तो भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में कोई फर्क नहीं रह जाएगा। मेरा देश के कांग्रेस नेताओं से यही निवेदन है कि अच्छे और साफ छवि के ईमानदार नेताओं को कांग्रेस पार्टी में शामिल करें। भ्रष्टाचारियों के लिए तो भाजपा के दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं

### तृतीय योगासन खेल चैंपियनशिप का आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
पानीपत में जिला स्तरीय तृतीय योगासन चैंपियनशिप के आयोजन के लिये डिस्ट्रिक्ट पानीपत योगासन स्पोर्ट्स एसोशियेशन के पदाधिकारियों की बैठक पानीपत एल्डेको मार्केट स्थित जिला कार्यालय स्वास्थयकुलम वेलनेस सेंटर पर आयोजित हुई। एसोशियशन के अध्यक्ष जसमेर सिंह के अनुसार, यह निर्णय लिया गया कि चैम्पियनशिप का आयोजन 3 सितंबर 2023 को पानीपत के आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इस चैंपियनशिप में 9-14, 14-18, 18-28 वर्ष आयुवर्ग के छात्र-छात्रायें और 28-35, 35-45, 45-55 वर्ष के व्यक्ति, व्यक्तिगत, युग्म और टीम के रूप में भाग ले सकेंगे। इसमें पुरुष और महिला वर्ग के लिये स्पधाएं अलग अलग होंगी। चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीकरण वहीं प्रातः 8 बजे करा सकते हैं। पंजीकरण फॉर्म प्राप्त करने के लिये 9138160789 पर सम्पर्क करें। चैंपियनशिप में विजेता प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी दी जाएगी। यह आयोजन योगासन भारत (नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन) के तत्वावधान में किया जा रहा है । इसके मुख्य अतिथि समाजसेवी हरपाल ढांढा होंगे। इस चैंपियनशिप का आयोजन युवाओं में खेल कौशल के विकास, रोजगार, योग के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के लिए किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में इस प्रतियोगिता के द्वारा अनेकों खिलाडी राष्ट्रीय स्तर पर पानीपत जिले का नाम रोशन कर रहे हैं । प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए फोन 9138160789 पर सम्पर्क कर सकते है। इस बैठक में एसोशियेशन के पदाधिकारी लोकमान सिंह, मोहन शर्मा, मीनू आर्या, बलवान कौशिक, प्रदीप कुमार, एवं अमित आदि मौजूद रहे।

### भारत का सबसे बड़ा फैशन स्टोर, ट्रेंड्स अब समालखा में खुल गया है

**पानीपत ।** भारत की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज की रिलायंस रिटेल की स्पेशलिटी चेन, ट्रेंड्स ने हरियाणा राज्य के पानीपत जिले में समालखा शहर में अपने स्टोर के लांच की घोषणा की है। ट्रेंड्स ने भारत में मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1, 2 शहरों और छोटे-छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क को मजबूत कर फैशन को घर-घर पहुंचाया है और यह भारत की मनपसंद फैशन की जगह है। समालखा में ट्रेंड्स स्टोर को आधुनिक शैली से बनाया गया है और इसका माहौल भी शानदार है। आपको बढ़िया क्वालिटी और फैशन का सामान किफायती दामों पर मिलेगा और ये खासियत इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बहुत पसंद आएगी। ग्राहकों को मिलेगा शॉपिंग का विशिष्ट और शानदार अनुभव जहां वे महिलाओं, पुरुषों, बच्चों के कपड़े व फैशन का सामान आकर्षक कीमतों पर पाएंगे। 5638 वर्ग फुट में फैला यह स्टोर, जो कि समालखा का पहला ट्रेंड्स स्टोर है, अपने ग्राहकों को लांच के तहत बेहतरीन फैशन और जबरदस्त कीमतों पर दे रहा है खास ऑफरः - 3999 की खरीदारी करें और पाएं आकर्षक उपहार 249 पर, इतना ही नहीं ग्राहकों को 3999 की खरीदारी पर मिलता है 2000 तक की कीमत का कूपन बिल्कुल मुफ्त। तो अभी ट्रेंड्स के समालखा स्टोर पर जाएं और बेहतरीन फैशन की खरीदारी का अनुभव पाएं!

## पाइट बीटेक की छात्रा लावण्या ने वुशू में जीता गोल्ड



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा, कमाल हुसैन**
**बीटेक इन** आर्टिफिशल इंटेलीजेंसी एंड डाटा साइंस की प्रथम वर्ष की छात्रा ने वुशू प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। कॉलेज पहुंचने पर पाइट मैनेजमेंट ने छात्रा का सम्मान किया। पाइट के बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने बताया कि लावण्या ने वुशु के जियांशु इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा पेन्सेक सेलाट, वुशु सांडा में सिल्वर मेडल जीता। पाइट के निदेशक डॉ.जेएस सैनी ने कहा कि लड़कियां खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अगर प्रोत्साहित करें तो देश के लिए मेडल जीत सकती हैं।

## पोक्सो एक्ट के तहत लगाया परीक्षण शिविर

### जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के द्वारा पॉक्सो केसों में पीड़िता को अंतरिम मुआवजा राशि प्रदान की जाती है



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**न्यायमूर्ति अरुण** पल्ली , न्यायाधीश, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय तथा कार्यकारी अध्यक्ष, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार व सुदेश कुमार शर्मा , जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरपर्सन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत के मार्गदर्शन में प्रतीक जैन , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण पानीपत ने कोर्ट परिसर में किशोर पुलिस यूनिट, डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिस, जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय, बाल कल्याण समिति, लीगल लिटरेसी क्लबस, पैनल अधिवक्ता पानीपत के लिए किशोर न्याय अधिनियम व पोक्सो एक्ट के तहत परीक्षण शिविर लगाया। इस परीक्षण शिविर में सौरव जग्गा अधिवक्ता द्वारा सभी को किशोरों के प्रति उनके दायित्व को समझाया और जांच अधिकारी किशोरों से संबंधित सभी केसों में उनके अधिकारों की रक्षा करते हुए तुरंत कार्यवाही करे और सुनिचित करे कि उनको समय पर न्याय मिले और इसके साथ साथ पीड़िता को अवगत कराएं की जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के द्वारा पॉक्सो केसों में पीड़िता को अंतरिम मुआवजा राशि प्रदान की जाती है।

**जागरूक किया**

**जांच अधिकारी किशोरों से संबंधित सभी केसों में उनके अधिकारों की रक्षा करते हुए तुरंत कार्यवाही करे**

## नेशनल किक बॉक्सिंग में गोल्ड सहित गुरुकुल ने जीते 3 पदक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)गुरुकुल कुरुक्षेत्र** के 3 छात्रों ने नेशनल किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में हरियाणा की ओर से खेलते हुए एक गोल्ड सहित 3 पदक हासिल कर गुरुकुल का गौरव बढ़ाया है। रांची में हुई इस नेशनल चैम्पियनशिप में देशभर के विभिन्न संस्थानों के 2 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। गुरुकुल पहुंचने पर पदक विजेता छात्रों का प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार, प्राचार्य सुबे प्रताप एवं व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने फूल-मालाओं से जोरदार अभिनन्दन किया और कोच रिन्कू आर्य सहित सभी खिलाडियों को



बधाई दीं। कोच रिन्कू आर्य ने बताया कि रांची के हरिवंश थाना भगत इंडोर स्टेडियम में 23 से 27 अगस्त तक वाको इंडिया नेशनल किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ जिसमें गुरुकुल के विनय दैवल ने किक लाइट इवेंट में गोल्ड, गोपाल आर्य ने फुल कान्टेक्ट इवेंट में सिल्वर तथा हर्ष आर्य ने किक लाइट इवेंट में ही ब्रांज मेडल हासिल किया।
छात्रों की उपलब्धि पर गुरुकुल परिवार में खुशी का माहौल है।

## गांव बहबलपुर में जरूरतमंदों को वितरित किए कपड़े

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) श्री गुरु** ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति रजि गांव बहबलपुर अंबाला की तरफ से जरूरतमंदों परिवारों के लिए कपड़ो का प्रबंध किया गया जो कि बाढ़ के कारण खराब गए थे। यह सेवा लाइफ फाउडेशन के चेयरमैन संत बाबा ठाकुर सिंह और डॉ महान सिंह जी के सहयोग से की। संस्था के सेवादार गांव के घरो में जाकर सर्वे कर रहे है एक सर्वे में मियां माजरा गांव की बीबी डिपल कौर ने बताया कि हमारे गांव में कई परिवार परेशान है। इसके चलते संस्था की संचालिका बीबी भूपिन्द्र कौर ने बाबा ठाकुर सिंह की आज्ञा शिरोधार्थ करके स्वयं भी यह संकल्प लिया है कि



जब तक क्षेत्र की जनता को पूरी तरह राहत नहीं मिल पाती सेवा करते रहेंगे।संस्था की टीम मैंबर बीबी भूपिंदर कौर मुख्य सेवादार प्रधान बैबल पुर, सरदार गुरचरण सिंह सैक्ट्री मर्दों साहिब, सरदार सुखविंदर सिंह कैशियर बैबलपुर, सरदार मनिंदर सिंह मेंबर बड़ौला, सरदार सुरजीत सिंह मेंबर हुमायूंपुर, सरदार सरूप सिंह मेंबर बड़ौला, सरदार पूर्ण सिंह मेंबर ललाना, संत सेवादार हरप्रीत सिंह कथावाचक बैबलपुर, सरदार जस्सी सिंह, सरदार सुखविंदर सिंह और बच्चों की तरफ से यह सहायता की जा रही है।

## कृषि विज्ञान केंद्र करेगा व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन

**पानीपतः उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र** कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र ऊझा में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जन जाति के बेरोजगार युवक एवं युवतियों के लिए पाँच दिवसीय व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन नवंबर माह के प्रारंभ में किया जाएगा। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति के लोगों के जीवन स्तर में सुधार एवं स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस योजना के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कुल 7 व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## जन सहयोग संस्था ने रक्षाबंधन के पर्व पर लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) गांव** समानी में जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र द्वारा गुरु गोरखनाथ सेवा समिति समानी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया।इस शिविर में गांव व आसपास के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया व रक्तदान किया। सरपँच प्रतिनिधि पवन कुमार ने शिविर में शिरकत की व रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनकी हौसलाफजाई की। संस्था संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि रक्तदान करने शरीर मे किसी तरह की कमी नही आती बल्कि हमारा शरीर



स्वस्थ रहता है। संस्था सदस्य मिथुन समाना व विकास बैरसाल ने बताया कि हमारे एक यूनिट रक्त से 3 लोगों की जान बचाई जा सकती है। शिविर में 45 रक्तदाताओं ने शिरकत की व 41 यूनिट रक्तदान हुआ। मास्टर नरेश निवासी आजाद नगर ने अपने पुत्र के 24वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रक्तदाताओं के लिए केले व जूस की सेवा लगाई।संस्था की तरफ से मास्टर जितेंद्र, डिम्पल,मिथुन समाना,विकास बैरसाल, अंकित,दीपक,मुनीश,रमन आदि सदस्य मौजूद रहे। रक्तकोष टीम में डॉक्टर चेतन शर्मा,हर्ष, संजीव, मोनिका उपस्थित रहे। संस्था की तरफ से मंदिर कमेटी व ब्लड सेंटर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।
किशोर, अमित, दीपक, रमन कुमार, विकास, नितिन, मनजीत, नैब सिंह धर्मेंद्र,गुरमीत सिंह आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

## गायत्री जयंती और हॉकी सम्राट मेजर ध्यानचंद की जयंती समारोह का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंयिा/पानीपत, कमाल हुसैन**
**आर्य बाल** भारती पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर श्रावणी पर्व एवं गायत्री जयंती और हॉकी सम्राट मेजर ध्यानचंद की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पाणिनि विद्याकुलम गुरुकुल मुजफ्फरनगर के आचार्य योगेश भारद्वाज रहे। विशिष्ट अतिथि स्कूल के प्रबंधक जसवीर ग्वाल्डा व आर्य समाज की वेद विदुषी अंजू चौधरी रही। वहीं एसडीओ राजेश, कर्मबीर और



मेहर सिंह विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अध्यक्षता स्कूल के प्रधान रणदीप कादियान ने की। कोषाध्यक्ष महताब मलिक, उपप्राचार्य राजकुमार शास्त्री और आर्य समाज काबड़ी के उपप्रधान ओम दत्त आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने सभी का स्वागत किया। प्रधान रणदीप कादियान मुख्य यजमान रहे और आचार्य राजकुमार शास्त्री ने पूरे विधि विधान से श्रावणी यज्ञ संपन्न करवाया और इस विद्यालय के 140 छात्र. छात्राओं को यजोपवित संस्कार ग्रहण करवाया। इससे पूर्व हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के द्वारा मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया और मुख्य अतिथि ने मार्च पास्ट की सलामी ली। जिसका नेतृत्व विद्यालय के डीपी जगदीश चहल द्वारा किया गया। आचार्य योगेश भारद्वाज ने कहा कि वेद विश्व के सबसे प्राचीन वैज्ञानिक ग्रंथ है और गायत्री मंत्र सबसे बड़ा कल्याण कारी मंत्र है। विद्यालय के प्रधान रणदीप कादियान ने जहां इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी वहीं पदक जीतने वाले पानीपत जिला के नीरज चोपड़ा की उपलब्धियां का भी उल्लेख किया।

## आज केंद्रीय वित्त मंत्री जीएसटी करदाताओं को देगी मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना की सौगात

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक ) सांसद** नायब सिंह सैनी ने कहा कि 1 सितंबर 2023 से जीएसटी करदाताओं को बड़ी सौगात मिलने जा रही है। करदाताओं को प्रोत्साहन देने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण गुरुग्राम से मेरा बिल मेरा अधिकार योजना की शुरूआत करेगी। वे गुरुग्राम के सेक्टर 15 में आयोजित कार्यक्रम में इस योजना का शुभारंभ करेगी। सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि करदाताओं को प्रोत्साहन देने के लिए हरियाणा में मेरा बिल मेरा



अधिकार योजना शुरू होने जा रही है। इस योजना के तहत जीएसटी बिल लेने वालों को सरकार करोड़ों के इनाम देगी। उपभोक्ता को सामान की खरीदारी की रसीद पोर्टल पर अपलोड करनी होगी और 30 करोड़ रुपए के कॉर्पस फंड से ड्रा ऑफ लॉट्स के जरिए उपभोक्ताओं को इनाम मिलेंगे। जीएसटी कलेक्शन के लिए यह योजना अहम रोल अदा करेगी क्योंकि इससे ज्यादा से ज्यादा लोग जीएसटी बिल लेने के लिए प्रेरित होंगे। हरियाणा के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण असम, गुजरात राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) दमन दीव, दादरा नगर हवेली और पुडुचेरी के लिए भी मेरा बिल मेरा अधिकार योजना की शुरूआत करेगी।

### रैली के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त ने ली बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

## साइक्लोथॉन 1 सितंबर को पानीपत जिला में करेगी प्रवेश: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**नशा मुक्त हरियाणा** बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में निकाली जाने वाली मेगा साइक्लोथॉन रैली के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने वीरवार को लघु सचिवालय में अधिकारियों को प्रबंधों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेगा साइक्लोथॉन रैली 1 सितंबर को करनाल से रवाना होगी जिसे मुख्यमंत्री मनोहर लाल हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद यह साइक्लोथोन 1 सितंबर को ही वाया असंध-मुनक के रास्ते पानीपत में प्रवेश करेगी जहां पर पानीपत के अधिकारियों द्वारा इसका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद यह साइक्लोथोन वाया ददलाना गांव से होते हुए सांय पुलिस लाइन पहुंचेगी।

**रवाना**

**2 को पुलिस लाइन से 6 बजे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रवाना किया जाएगा**



2 सितंबर को पुलिस लाइन से प्रात 6 बजे विभिन्न जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इसे झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा और 2 सितंबर को यह साईकिल रैली गोहाना के लिए प्रस्थान करेगी। उपायुक्त ने कहा कि 1 तारीख को सांय 7 बजे से डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गए हैं जिनमें विभिन्न कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। लेकर सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूरी करें ताकि साइक्लोथॉन रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों व आम दर्शकों को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छ पेयजल तथा अस्थाई शौचालय का प्रबंध किया जाए।

**डीसी ने नागरिकों से की साइक्लोथॉन रैली में भाग लेने की अपील** उपायुक्त ने बताया कि इस रैली में हजारों युवाओं एवं आम लोग भाग लेंगे। उपायुक्त डॉक्टर रविंद्र कुमार दहिया ने जिला के सभी नागरिकों से अपील की कि वह इस साइक्लोट्रॉन में भाग लेने के लिए एचटीटीपीएसः//उदयडॉटहरियाणाडॉटजीओवीडॉटइन/एंटीड्रगसाइक्लोथॉन लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन जरूर करवा लें।

# 'सरकार का आदेश नहीं मान रहे अफसर'

● यह कानून दिल्ली को बर्बाद कर देगा और भाजपा तो यही चाहती है: सीएम अरविंद केजरीवाल

**आरोप**

▶▶ नया सेवा कानून अधिकारियों के लिए चुनी हुई सरकार के आदेशों का खुले तौर पर विरोध करने का लाइसेंस दे दिया





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली के लिए नया सेवा कानून अधिकारियों के लिए चुनी हुई सरकार के आदेशों का खुले तौर पर विरोध करने का लाइसेंस दे दिया है, इस वजह से अधिकारी चुनी हुई सरकार के मंत्रियों के आदेशों को मानने से इनकार करने लगे हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली सेवा अधिनियम ने अधिकारियों को चुनी हुई सरकार के लिखित आदेशों का खुले तौर पर विरोध करने का लाइसेंस दे दिया है और इस वजह से अधिकारी चुनी हुई दिल्ली सरकार के मंत्रियों के आदेशों को मानने से इनकार करने लगे हैं। क्या कोई राज्य या देश या संस्था इस तरह चल सकती है? यह कानून दिल्ली को बर्बाद कर देगा और भाजपा तो यही चाहती है। इस एक्ट को तुरंत निरस्त किया जाना चाहिए। प्रधान वित्त सचिव द्वारा चुनी हुई सरकार की बात न मानने पर दिल्ली की सर्विसेज मंत्री आतिशी ने प्रेस वार्ता कर कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली पर थोपे गए जीएनसीटीडी एक्ट 2023 के कारण दिल्ली में संविधान, लोकतंत्र, संवैधानिक ढांचे की धज्जियां उड़ रही है। दिल्ली सर्विसेज एक्ट दिल्ली की चुनी हुई सरकार की सारी शक्तियां छीन लेता है। उन्होंने कहा कि देश के संविधान ने भारत को एक लोकतंत्र बनाया है। लोकतंत्र का अर्थ है कि जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन। साथ ही, ट्रिपल चेन ऑफ अकाउंटबिलिटी सुनिश्चित होता है, जिसमें अफसरों की जबाबदेही मंत्री के प्रति, मंत्री की जबावदेही विधानसभा के प्रति और विधानसभा की जबावदेही जनता के प्रति होगी। इसे बार-बार सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि लोकतंत्र ट्रिपल चेन ऑफ अकाउंटबिलिटी से चलता है।

## 'जीएनसीटीडी एक्ट सरकार के प्रति अफसरों की जबाबदेही खत्म कर देता है'

**सर्विसेज** मंत्री आतिशी ने कहा कि इसी तरह से देश में लोकतंत्र चलता है, लेकिन जीएनसीटीडी एक्ट चुनी हुई सरकार के प्रति अफसरों की जबाबदेही खत्म कर देता है। इसका सेक्शन 45जे अफसरों, मुख्य सचिव या किसी विभाग के सचिव को यह शक्ति देता है कि वो चाहे तो चुनी हुई सरकार के मंत्री के आदेश का क्रियान्वयन न करे। सर्विसेज मंत्री ने कहा कि जीएनसीटीडी एक्ट का परिणाम है कि कुछ दिनों पहले मुख्य सचिव ने 10 पन्ने की चिट्ठी लिखकर कहा था कि वो चुनी हुई सरकार के आदेशों का पालन नहीं करेंगे। ये दिल्ली में चुनी हुई सरकार के खिलाफ अफसरों के बगावत की शुरूआत थी और अब दिल्ली के प्रधान वित्त सचिव ने भी 40 पन्ने की चिट्ठी लिखकर साफ कह दिया है कि वो चुनी हुई सरकार के मंत्री के आदेश नहीं मानेंगे। उन्होंने कहा कि जो आदेश बतौर वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने 5 जून को दिया था और जो आदेश बतौर वित्त मंत्री मैंने 12 जुलाई को दिया था, प्रधान वित्त सचिव आशीष चन्द्र वर्मा ने 40 पन्ने की चिट्ठी भेज असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक जीएनसीटीडी एक्ट की वजह से इस आदेश को मानने से इन्कार कर दिया है। एक के बाद एक दिल्ली के अफसर कह रहे हैं कि हम चुनी हुई सरकार व उनके मंत्रियों की बात नहीं मानेंगे और हमें ये अधिकार जीएनसीटीडी अमेंडमेंट एक्ट देता है। सर्विसेज मंत्री आतिशी ने कहा कि यह मामला एक कोर्ट केस का है, जहां जीएसटी रिफंड के मुद्दे पर हाईकोर्ट ने आदेश दिल्ली सरकार के पक्ष में नहीं दिया। इसपर दिल्ली सरकार ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने का फैसला किया। पहले बतौर वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने 5 जून को प्रधान वित्त सचिव को आदेश दिए कि दिल्ली सरकार के एक वकील को चुन कर सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती दी जाए।

5 जून के बाद दिल्ली के अफसर इस फाइल को घुमाते रहे और न तो वकील नियुक्त किया और न ही सुप्रीम कोर्ट में केस दायर किया। इसके बाद जब यह फाइल 12 जुलाई को मेरे पास आई तो मैंने आदेश दिए कि सुप्रीम कोर्ट में इस केस की एसएलपी फाइल की जाए और दिल्ली सरकार के एक वकील को इस केस के लिए चुना जाए। उसके बाद मुझे 2 दिन पहले प्रधान वित्त सचिव आशीष चन्द्र वर्मा की 40 पन्नों की चिट्ठी मिली, जिसमें वो कह रहे हैं कि हम चुनी हुई सरकार की बात नहीं मानेंगे।

# दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए अरविंदर सिंह लवली



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने दिल्ली में बड़ा बदलाव करते हुए अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। अभी अनिल चौधरी के पास ये जिम्मेदारी थी। अनिल चौधरी की जगह अब अरविंदर सिंह लवली दिल्ली में पार्टी की कमान संभालेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्र जारी कर बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तत्काल प्रभाव से अरविंदर सिंह लवली को दिल्ली कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। अरविंदर का जन्म पंजाब के लुधियाना में हुआ था। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री

**जिम्मेवारी**

▶▶ अभी अनिल चौधरी के पास ये जिम्मेदारी थी। अनिल चौधरी की जगह अब अरविंदर सिंह पार्टी की कमान संभालेंगे

गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई के दौरान ही अरविंदर सामाजिक कार्यों में सक्रीय रहते थे। पढ़ाई के दौरान अरविंदर कॉलेज के छात्रसंघ के लिए चुने गए। वह विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक संगठनों के साथ सक्रिय रूप से शामिल थे। अरविंदर दिल्ली स्थित भीमराव अंबेडकर कॉलेज के अध्यक्ष भी बने। पढ़ाई के दौरान ही राजनीतिक गतिविधियों में अरविंदर की गहरी दिलचस्पी जाग गई थी।

# पिता ने पैसे नहीं दिए तो बेटे ने मार डाला

**गिरफ्तार**

▶▶ मृतक की शिनाख्त नंद लाल अरोड़ा (75) के रूप में हुई है। वारदात के समय आरोपी शराब के नशे में था



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के द्वारका जिला के बिंदापुर इलाके में देर रात एक युवक ने गाड़ी के पैसे न दिए जाने पर अपने बुजुर्ग पिता को पीट-पीटकर मार डाला। मृतक की शिनाख्त नंद लाल अरोड़ा (75) के रूप में हुई है। वारदात के समय आरोपी शराब के नशे में था। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी गौरव अरोड़ा को मौके से गिरफ्तार कर लिया। छानबीन के बाद बुजुर्ग का शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा। बाद में क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस पड़ोसियों के बयान लेकर मामले की जांच कर रही है। छानबीन में पता चला कि पिता-पुत्र अक्सर आपस में झगड़ा करते थे। पुलिस के मुताबिक बुजुर्ग नंद लाल अरोड़ा अपने बेटे के साथ ओम विहार, उत्तम नगर में रहते थे। इनकी पत्नी की मौत हो चुकी है। घर में बेटे गौरव अरोड़ा के अलावा और कोई नहीं है। दोनों पिता-पुत्र कोई काम नहीं करते थे। इनके पास कई प्रॉपर्टी हैं, जिनका किराया आता है। दोनों शराब पीने के आदी थे। नंद लाल ने अपने बेटे गौरव की शादी की थी, लेकिन उसकी शराब पीने की लत की वजह से पत्नी कई साल पहले ही उसे छोड़कर मायके चली गई थी। घर में दोनों पिता-पुत्र एक साथ बैठकर शराब पीते और झगड़ा भी करते रहते थे। गौरव ने पिता से कार खरीदने के लिए चार लाख की डिमांड की, लेकिन बुजुर्ग ने एक भी रुपया देने से मना कर दिया। इस बात पर दोनों में झगड़ा हो गया।

# जी20: शिखर सम्मेलन के लिए दिल्ली हो रही तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सम्मेलन को** ध्यान में रखकर दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों में तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पांच सरकारी एवं तीन निजी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ की विशेष टीमें गठित की गई हैं, जिससे कि सम्मेलन में आने वाले मेहमानों के स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरी करने में किसी तरह की परेशानी न हो। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने विभाग के अधिकारियों व अस्पतालों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। इन सरकारी अस्पतालों के साथ ही प्राइमस अस्पताल चाणक्यपुरी, मैक्स अस्पताल साकेत और मणिपाल अस्पताल द्वारका को अलर्ट पर रखा गया है।

**80 टीमें गठित की गई हैं:**

**गठित**

▶▶ पांच सरकारी एवं तीन निजी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। स्टाफ की विशेष टीमें गठित की गई हैं

सम्मेलन में शामिल होने के लिए आने वाले मेहमानों को 25 होटलों में ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके अनुरूप डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ की 80 टीमें गठित की गई हैं। मेहमानों से संबंधित प्रत्येक होटल में 24 घंटे स्वास्थ्यकर्मियों की टीम तैनात की जाएगी। प्राथमिक आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से परिपूर्ण 106 एंबुलेंस तैयार की गई है। 30 एनेस्थीसिया विशेषज्ञों की भी तैनाती की जा रही है।

# 'उमर पूर्व पत्नी को बतौर अंतरिम गुजारा भत्ता डेढ़ लाख रुपये हर माह दें'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाई कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को आदेश दिया है कि वो अपनी पूर्व पत्नी पायल अब्दुल्ला को बतौर अंतरिम गुजारा भत्ता डेढ़ लाख रुपये हर महीने दें। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने उमर को यह भी निर्देश दिया कि वो अपने बेटे की पढ़ाई के लिए हर महीने साठ हजार रुपये दें। पायल अब्दुल्ला ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। पायल ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि उमर अब्दुल्ला पायल अब्दुल्ला को हर महीने 75 हजार रुपये और बेटे की पढ़ाई के लिए 25 हजार रुपये दें। पायल अब्दुल्ला ने हाई कोर्ट से कहा था कि ट्रायल कोर्ट ने अंतरिम गुजारा भत्ता के रूप में काफी कम राशि देने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान उमर अब्दुल्ला ने कहा था कि पायल और उनके दो बेटों ने जिस गुजारा भत्ता की मांग की है, वो स्वीकार करने योग्य नहीं है। उमर की इस दलील का पायल अब्दुल्ला के वकील ने पुरजोर विरोध किया था और कहा था कि 2016 से पायल अकेले रह रही है और उसे कोई खर्च नहीं दिया जा रहा है। यहां तक कि उसे अपने बेटों की फीस तक भरने के पैसे नहीं हैं । उमर ने कहा था कि पायल अपना गुजारा कर सकती हैं, क्योंकि उनका अपना व्यवसाय है और दिल्ली में उनका एक घर भी है ।



# दिल्ली दंगा: कोर्ट में पुलिस को लगी फटकार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में 2020 में हुए दंगों से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही एक सत्र अदालत ने पुलिस प्रमुख से कहा है कि वे सभी जांच अधिकारियों यानी आईओ को कॉल डिटेल वाले मामलों में मोबाइल फोन सेवा प्रदाताओं के नोडल अधिकारियों को गवाह बनाने के बारे में संवेदनशील बनाएं। कॉल डिटेल रिकॉर्ड यानी सीडीआर अदालत के समक्ष पेश की जाए। पुलिस आयुक्त से आईओ को सीडीआर का पूरा सेट अदालत के समक्ष पेश करने का निर्देश दिया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने गोकुलपुरी पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज 2020 दंगों के मामले की सुनवाई कर रहे थे। जो अभियोजन साक्ष्य के चरण में था। अभियोजन पक्ष ने पहले 19 मोबाइल फोन नंबरों के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। जिसके बाद एक सेवा प्रदाता के नोडल अधिकारी से अभियोजन गवाह के रूप में पूछताछ की गई। जानकारी के लिए बता दें कि अदालत ने सोमवार को पारित एक आदेश में कहा कि जांच के दौरान सीडीआर का पूरा सेट नहीं रखा गया। सीडीआर के ऐसे सेट में से केवल दो शीट ही मिलीं हैं। पूरी सीडीआर अदालत के समक्ष पेश की जाए।

**पूछताछ**

▶▶ एक सेवा प्रदाता के नोडल अधिकारी से अभियोजन गवाह के रूप में पूछताछ की गई

**वकील हत्याकांड: तहसील में घुसकर अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या करने वाले गिरफ्तार**

गाजियाबाद की तहसील सदर में करीब दो बजे तीन नकाबपोश हमलावरों ने चैंबर में घुसकर वकील मनोज चौधरी उर्फ मोनू (38) की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी अमित डागर ने बताया कि वह सरिता से बेटी को घर भेजने के लिए कह रहा था कि हमारे घर में रक्षाबंधन का त्योहार हो जाएगा। लेकिन सरिता नहीं मानी और अपनी बेटी को नहीं भेजा। इस पर गुस्साए अमित और नितिन ने दो दिन पहले मनोज की हत्या की साजिश रची। वहीं अमित ने सरिता के नाम करीब डेढ़ करोड़ रुपए कीमत के दो मकान खरीदें थे। अमित का कहना है कि सरिता उन्हें मनोज की मदद से बेचने का प्रयास कर रही थी।

# नाम बदनाम, पता कब्रिस्तान...: दिल्ली का किंग माया गैंग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में अमेजन कंपनी के मैनेजर की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि अमेजन कंपनी के मैनेजर की हत्या रोडरेज की वजह से हुई थी। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद समीर उर्फ माया और बिलाल गनी उर्फ मालू को गिरफ्तार किया है। बिलाल गनी सिग्नेचर ब्रिज के पास से रात दो बजे पकड़ा गया है। इसके अलावा दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हत्याकांड के मास्टरमाइंड मोहम्मद समीर उर्फ माया को सीमापुरी इलाके से उसे गिरफ्तार किया गया है। समीर उर्फ माया जिस समय नाबालिग था, उस वक्त भी उस पर कई मुकदमे दर्ज थे। आरोपी सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो पोस्ट करता है। बताया जाता है कि आरोपी बड़ा डॉन बनने के लिए इंस्टाग्राम पर हथियारों के साथ वीडियो पोस्ट करता है। इसके अलावा गिरफ्त में आया दूसरा आरोपी बिलाल गनी उर्फ मालू 27 अगस्त को ही 18 साल का हुआ है। आरोपी बिलाल गनी उर्फ मल्लू पुत्र मो. शाद निवासी बी-241/6, गली नंबर 19/20, सुभाष मोहल्ला, भजनपुरा का रहने वाला है। बिलाल गनी उर्फ मल्लू कुछ दिन पहले ही 18 साल का हुआ है। उसने दसवीं तक की पढ़ाई की है। गांजा पीने की आदत के कारण उनका उपनाम 'मल्लू' पड़ गया। वह 5 भाई-बहनों में सबसे बड़ा है। वह उत्तरी घोंडा, भजनपुरा में एक वेल्डिंग की दुकान पर काम करता है।



**पांच युवकों ने दो लोगों को गोली मारी:** आपको बता दें कि 29 अगस्त की रात 11:45 बजे उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में थाने से चंद कदमों की दूरी पर बाइक और स्कूटी सवार बदमाशों ने अमेजन के सीनियर मैनेजर और उसके मामा को गोली मार दी थी। गंभीर हालत में मैनेजर हरप्रीत गिल (36) और इनके मामा गोविंद (32) को नजदीकी जग प्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया, जहां हरप्रीत को मृत घोषित कर दिया गया।

मामा का इलाज जारी है। पुलिस ने बुधवार को जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवा कर हरप्रीत का शव परिवार को सौंप दिया।

**शिकंजा**

▶▶ स्पेशल सेल ने हत्याकांड के मास्टरमाइंड मोहम्मद समीर उर्फ माया को गिरफ्तार किया गया है

# दिल्ली मेट्रो फिर शर्मसार!



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** मेट्रो में रक्षाबंधन के मौके पर एक नाबालिग लड़की के साथ एक शख्स ने गंदी हरकत की है। यह घटना दिल्ली मेट्रो की रेड लाइन पर घटी है। नाबालिग लड़की की मां ने बताया कि एक शख्स ने उसकी बेटी के सामने गंदी हरकत की है। इस हरकत को अंजाम देते वक्त दो लोगों ने उस शख्स को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। नाबालिग लड़की की मां ने बताया कि रक्षाबंधन के दौरान दिल्ली मेट्रो में काफी भीड़ थी। इसी भीड़ में उनकी बेटी भी दिल्ली मेट्रो के रेड लाइन पर सफर कर रही थी।

**गंदी हरकत**

▶▶ रक्षाबंधन के दिन नाबालिग लड़की के सामने शख्स ने की गंदी हरकत, गिरफ्तार, आरोपी गिरफ्तार

इसी दौरान आरोपी शख्स ने इस गंदी हरकत को अंजाम दिया, जिसके बाद वह सीलमपुर स्टेशन पर ही उतर गई।

साथ में सफर कर रहे लोगों ने उस शख्स को पकड़ कर शाहदरा पुलिस के हवाले कर दिया।

**गिरफ्त में** एसएफजे के दोनों सदस्य बठिंडा, पंजाब से दबोचे गए हैं, इनमें एक का नाम प्रीतपाल सिंह है और दूसरे के नाम राजविंदर सिंह है

# मेट्रो स्टेशन पर देश विरोधी नारा लिखने वाले दो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सिख फॉर जस्टिस संगठन के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इन्हें दिल्ली में जी20 से पहले कई मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर खालिस्तानी स्लोगन लिखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि एसएफजे के दोनों सदस्य बठिंडा, पंजाब से दबोचे गए हैं। इनमें एक का नाम प्रीतपाल सिंह है और दूसरे के नाम राजविंदर सिंह है। पुलिस ने बताया कि सिख फॉर जस्टिस के सरगना पन्नू ने उन्हें ऐसा करने के लिए कहा था। नारे लिखने के लिए उन्हें 3500 डॉलर भी दिए गए थे। बता दें कि प्रीत पाल एक वर्ष पहले ही पन्नू के संपर्क में आया था। पन्नू प्रीत पाल से सिग्नल ऐप के जरिए बातचीत करता था

**लिखे थे नारे**

▶▶ पुलिस ने बताया कि सिख फॉर जस्टिस के सरगना पन्नू ने उन्हें ऐसा करने के लिए कहा था।

**26 अगस्त की रात लिखे गए थे नारे:** 26 अगस्त की रात जब मेट्रो स्टेशनों की दीवारों पर इन आरोपितों ने खालिस्तान जिंदाबाद आदि आपत्तिजनक नारे लिखे थे तब इन दोनों की तस्वीरें सीसीटीवी में कैद हो गई थीं। नांगलोई, मादीपुर और शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशनों के सीसीटीवी कैमरे में इनकी तस्वीरें कैद हुई थीं। रात आठ से दस बजे के बीच इन्होंने दीवारों पर नारे लिखे थे।



**दो घंटे के बीच ऐसे पहुंचे एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन:** एक जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए इन लोगों ने बस, ऑटो और टैक्सी का सहारा लिया था। इनकी दाढ़ी थी। बैग लिए हुए थे। ऐसी जगह पर नारे लिखे थे जहां लोगों का आवागमन न के बराबर रहता है इसलिए किसी की नजर नहीं पड़ी थी।

मेट्रो पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था, लेकिन वे इनकी पहचान नहीं कर पाए थे। स्पेशल सेल के पास पंजाब के बारे में भी काफी इनपुट रहता है। इन लोगों ने अपने मुखबिरों को इनकी तस्वीरें भेज पहचान कर ली। उसके बाद कल रात दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

**माहौल बिगाड़ने की रच रहे साजिश:** जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) राजधानी के चार मेट्रो स्टेशनों की दीवार समेत सात महत्वपूर्ण स्थानों पर खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखकर राजधानी का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की थी।

**मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने उठाया था ये कदम:** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की शिकायत पर नांगलोई मेट्रो थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ सरकारी संपत्ति को बदरंग करने, दो समुदायों के बीच द्वेष की भावना पैदा करने व अपराध करने के लिए सार्वजनिक शरारत करने वाले बयान आदि धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। डीसीपी मेट्रो डा. राम गोपाल नाइक के मुताबिक, पुलिस मेट्रो स्टेशनों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपितों की पहचान करने में जुटी है।

# किसानों ने अर्धनग्न होकर किया विरोध प्रदर्शन

## किसानों ने प्रशासन पर अनसुनी का आरोप लगाते हुए अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/लोकेश चौधरी**
**आगरा उत्तरी बाईपास** पर कट की मांग को लेकर आन्दोलित किसानों रक्षाबंधन के दिन अनूठे अंदाज में प्रदर्शन किया। साथी किसान की तबियत खराब होने पर किसानों ने सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जताने के लिए अर्धनग्न प्रदर्शन किया। जहां गुरुवार को बलदेव के घड़ी सुक्खा सरायसालवान में चल रहे हैं धरने के दौरान नौं वे दिन किसान की तबीयत अचानक खराब हो गई। किसानों ने बताया कि करीब ढाई बजे धरने में बैठे साथी गांव मगना के 70 वर्षीय साथी किसान लक्ष्मण सिंह अचानक चक्कर खाकर जमीन पर लुढ़क गए। किसानों ने






चिकित्सा सहायता के लिये सीएचसी प्रभारी बलदेव को फोन किया। वहीं 108 एम्बुलेंस भी धरना स्थल पर पहुंची। किसानों का कहना है कि नौं दिन हो गये, लेकिन जिला प्रशासन उनकी खैर खबर तक नहीं ले रहा, नहीं धरना स्थल पर किसी तरह की सुविधा ही उपलब्ध कराई गई है। इधर किसानों ने प्रशासन को हठधर्मी करार देते अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामेंद्र सिंह ने कहा कि यह कृषि प्रधान देश में किसानों के प्रति सरकार की ऐसी सोच नहीं होनी चाहिए। नौ दिन से किसान धरने पर बैठे हैं। किसी जनप्रतिनिधि या सरकार के आदमी ने आकर उनका हालचाल तक नहीं लिया है। यह किसानों के हौंसलों को तोड़ने की रणनीति है लेकिन हमारे हौंसले बुलंद हैं और हम मोर्चा पर डटे रहेंगे। किसान पहले की तरह दिन रात धरना दे रहे हैं। किसानों की तबीयत खराब होने लगी है। इस लिए किसान आकोशित हैं। देवेंद्र सिंह सरपंच, गिर्राज सिंह, नरेश कोयड, बच्चू सिंह फौजी, विजेंद्र सिंह फौजी, विजेंद्र सिंह फौजी, विजय सिंह, रणवीर सिंह, तेजवीर सिंह, विजेंद्र सिंह, मोहन सिंह, तारा सिंह, रामवीर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

**बुधवार को रालोद ने दिया था अपना समर्थनः** बुधवार को राष्ट्रीय लोकदल ने किसानों के आंदोलन को समर्थन का ऐलान किया था। रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर ने धरना स्थल पर पहुंच कर किसानों की लड़ाई में रालोद के साथ होने का वचन दिया। राजपाल सिंह भरंगर ने कहा कि हम किसानों के साथ हैं। किसानों के किसी भी आंदोलन को रालोद का समर्थन हमेशा रहता है। हमारी पार्टी की पहचान ही किसान मजदूर हैं। किसान मजदूर रालोद के परिवार के सदस्य हैं। किसी भी किसान और मजदूर का दर्द हमारा दर्द है।

## 'रक्षा सूत्र बांधकर लिया रक्षा का वचन'



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ** के कार्यकर्ताओं ने रक्षाबंधन पर रक्षा सूत्र बांध कर सर्व समाज के लोगों से राष्ट्र की रक्षा और आपसी भाईचारे का वचन लिया और राष्ट्रीय सुरक्षा का भाव जाग्रत किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दीनदयाल नगर मथुरा के कार्यकताओं ने रक्षाबंधन के पर्व पर सर्व समाज की बस्तियों में जाकर रक्षा सूत्र बांधकर एकता का परिचय देते हुए राष्ट्र रक्षा के भाव को जाग्रत किया। दीनदयाल नगर की शिवजी शाखा पर हुए रक्षा बंधन कार्यक्रम के बाद स्वयंसेवक शहर की झिंगरपुरा,बहादुर पूरा बस्ती से पुराना बस स्टैंड के पीछे से भरतपुर गेट कोली बस्ती,दलपत खिड़की कुत्ता पइसा, अंता पाड़ा वाल्मीकि बस्ती में गए और घर घर सम्पर्क कर सर्व समाज के लोगों को राखी बांधी। आरएसएस के छह उत्सवों में से एक यह चैथा उत्सव समाज के बीच जाकर समाज के लोगो को जोड़कर उनके अंदर राष्ट्र रक्षा की भावना पैदा करने वाला उत्सव है। जिसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के समय सन 1925 से मनाता आ रहा है। कार्यक्रम में नगर संघचालक ब्रजेश एडवोकेट, भाग बौद्धिक प्रमुख अजय सर्राफ, राजकुमार, दिलीप, अमित, विजय, कमल, नानक चंद, अंकित, रामबाबू, महेश, लक्ष्मण पाल, योगेश पाल, तरुण पार्षद, रामकिशन पाठक, रामदास चतुर्वेदी पार्षद, विकास दिवाकर, आयुष, ध्रुव, राजू यादव आदि उपस्थित रहे।

## लाडले के जन्मोत्सव के लिए सजने संवरने लगी कान्हा की नगरी

**मथुराः अपने लाडले** के जन्मोत्सव के लिए कान्हा की नगरी सजने संवरने लगी है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रौनक कान्हा की नगरी में बनने लगी है। तिराहे चौराहों पर बड़ी स्क्रीन लगाई जा रही हैं। स्क्रीन पर ब्रज की प्रमुख तीज त्योहारों, स्थलों की झांकी लोगों को रोमांचित करती है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर तैयार की गई योजना को अमली जामा पहनाना शुरू कर दिया गया है। ब्रज तीर्थ विकास परिषद, नगर निगम और जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। तिराहे चौराहों पर सजावट शुरू हो गई है। नगर निगम पर्व, त्योहारों की तैयारी में जुट गया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर भण्डारा के लिए भंडारा आयोजक द्वारा नगर निगम से अनुमति ली जाएगी।

## जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बना कर काम करेंगे अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**कई विधायक** और दूसरे जनप्रतिनिधि लगातार अधिकारियों द्वारा उनकी अनदेखी किये जाने के आरोप लगा रहे थे। जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी समन्वय बना कर काम करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ब्लाक प्रमुखों के साथ हर महीने समन्वय बैठक करेंगे। जिससे समस्याओं का व्यवहारिक समाधान किया जा सके। इसी प्रकार की पहल के तहत विद्युत विभाग के अधिकारी भी विधायक और दूसरे जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक कर चुके हैं। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विकास खण्ड अधिकारी तथा ब्लॉक प्रमुखों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं पर समीक्षा एवं चर्चा की। बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष



सभी ब्लाक प्रमुखों ने बारी बारी से अपने अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं, जिन पर जिलाधिकारी ने ब्लॉक प्रमुखों को आश्वासन दिया कि सभी समस्याएं नोट कर ली गई हैं, जिन समस्याओं को जनपद स्तर से सुलझाया जा सकता है उन पर शीघ्र कार्यवाही कर निस्तारण किया जाएगा और शेष समस्याओं के संबंध में प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया जायेगा। बैठक में ज्यादातर साफ सफाई, टूटी सड़कें, खारा पानी, जर्जर सरकारी भवन आदि से संबंधित समस्या रखी गई। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सीधे ब्लॉक प्रमुखों के साथ प्रत्येक महीने बैठक की जायेगी। जिलाधिकारी की इस नई पहल का सभी ब्लॉक प्रमुखों ने स्वागत किया और जिलाधिकारी को धन्यवाद दिया।

# यात्री शैडः हाईवे टीमों ने किया सर्वे, अब निर्माण की बारी

## प्राधिकरण व परिवहन विभाग की टीम ने व्यापारियों के साथ किया सर्वे

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**कोसीकलां में हाईवे** तिराहे पर वाहनों के इंतजार में खडे यात्रियों को बैठने के लिए यात्री शैड मिल सकेगा। गुरुवार को हाईवे प्राधिकरण एवं परिवहन विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों के साथ यात्री शैड के लिए जगह का चिन्हांकन किया है। इसके बाद अब यात्री शैड का निर्माण शुरू होगा। उद्योग व्यापार मंडल द्वारा व्यापारी बंधु बैठक में हाईवे स्थित शहर के तिराहे पर वाहनों के इंतजार में खड़े



होने वाले यात्री शैड की जरूरत का मुद्दा उठाया था। व्यापारी नेता मनीष अग्रवाल एवं अंकित मालविया द्वारा उठाए गए जिलाधिकारी ने इसे आवश्यक बताया। साथ ही परिवहन विभाग एवं हाईवे प्राधिकरण को इस बाबत जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद हाईवे प्राधिकरण की टीम ने सर्वे किया था। गुरुवार को परिवहन विभाग के एआरएम मदन मोहन शर्मा, हाईवे प्राधिकरण के मैनेजर मन्नत खान , इंजीनियर लोकेश शर्मा की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने व्यापारियों की टीम को साथ में लेकर हाईवे पर यात्री शैड के लिए स्थान का चिन्हांकन किया। इसी के साथ चिह्नित किया कि दोनों ओर यात्री शैड बनेंगे। अब केवल एनओसी की जरूरत है। जिसके बाद यात्री शैड का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

व्यापारी नेता मनीष अग्रवाल एलआई एवं अंकित मालवीय ने बताया कि दोनों ओर यात्री धूप एवं बरसात सर्दी गर्मी में खुले आसमान के लिए नीचे खडे रहते थे। इसी समस्या को देखते हुए यह मुद्दा उठाया था। अब यह समाधान की ओर है। जल्द यात्री शैड तैयार हो जाएंगे।

## कोटक के संकल्प बचत खाता ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी ग्राहकों के नकद आधारित बैंकिंग की जरूरतों का समाधान किया

**कैथल।** ग्रामीण तथा अर्ध-शहरी ग्राहकों की नकद आधारित बैंकिंग की जरूरतों को संबोधित करते हुए कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल/कोटक) ने संकल्प बैंकिंग खाता शुरू करने की घोषणा की है। इसमें वार्षिक 24 लाख रुपये तक की नकद जमा और निकासी पर शून्य प्रभार और खाता में अधिशेष रखने में लचीलापन जैसी अनेक सेवायें उपलब्ध हैं। इसके अलावा, संकल्प इन बाजारों में विशेष कीमत पर गोल्ड, टू-व्हीलर और ट्रैक्टर लोन भी प्रदान करता है। संकल्प बचत खाते को कृषि और खेती-बाड़ी से अलग आय वाले उभरते ग्राहक समूह को सेवा प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है। बैंकिंग सेवाओं के साथ, यह नया बचत खाता, ग्रामीण तथा अर्ध-शहरी ग्राहकों की बैंकिंग संबंधी विकसित होती जरूरतों के लिए सम्मानार्थ टॉक टाइम और पेशॉपमोर डेबिट कार्ड की भी पेशकश करेगा। कोटक महिन्द्रा के प्रेसिडेंट एवं हेड - वितरण, रिटेल लायबिलिटीज, पुनीत कपूर ने कहा कि, ह्यगैर-महागरों में इंटरनेट की गहरी पहुँच और आय के बदलते आयामों के साथ, ग्राहक विविधतापूर्ण बैंकिंग सेवाएं चाहते हैं। वे नकद आधारित बैंकिंग सेवाएं और अधिक नकद निकालने की सीमा और ऋण में छूट जैसी बैंकिंग सेवाओं की तलाश में हैं। संकल्प बचत खाता आकर्षक मूल्यवर्द्धित सेवाओं के साथ आसान बैंकिंग उपलब्ध कराता है, जोकि ग्राहकों के इस समूह की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है।
2,500 रुपये का औसत मासिक अधिशेष या कम से कम 365 दिनों तक के लिए 25,000 रुपये का सावधि जमा रखने वाले प्रत्येक विशिष्ट ग्राहक के लिए 250 रुपये का एकमुश्त लाभ।

## सड़क किनारे खडी मोटरसाइकिल चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**सड़क किनारे** मोटरसाइकिल खड़ी कर शौच गया युवक वापस लौटा तो उसकी मोटरसाइकिल नहीं मिली। मोटरसाइकिल में लगे बैग में ही उसका मोबाइल भी था। पुलिस ने मोबाइल तो बरामद कर लिया है लेकिन अभी मोटरसाइकिल नहीं मिली है। प्रभारी निरीक्षक थाना बलदेव संजय कुमार त्यागी ने बताया कि बुधवार को सद्दाम खान पुत्र सौदान खांन निवासी भक्करपुर बसेला थाना राया अपनी ससुराल आगरा से वापस अपने घर ग्राम भक्करपुर कंजौली घाट से होकर वापस आ रहा था। नौहा कंजौली घाट से करीब दो सौ मीटर बलदेव की तरफ सद्दाम ने अपनी मोटरसाइकिल पैशन प्रो सडक के किनारे खडी कर दी। मोटर साइकिल में लगे बैंग में अपना मोबाइल रखकर शौच के लिए चला गया।


# श्रमिकों की योजनाओं का लाभ ले रहे अपात्रों के खिलाफ दर्ज होगा मुकदमा

## धनराशि की भू राजस्व की तरह की जाएगी वसूली

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**श्रमिकों की** योजनाओं का लाभ ले रहे अपात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा तथा धनराशि की भू राजस्व की तरह वसूली की जाएगी। भवन निर्माण क्षेत्र के श्रमिकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं में अपात्रों ने सेंधमारी कर दी है। इस तरह की शिकायतें मिलने के बाद विभाग ने अब ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही और वसूली की कार्यवाही शुरू की है। सहायक श्रम आयुक्त एमएल पाल के मुताबिक उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड ने आदेश जारी किए हैं कि जिन कामगारों ने गलत जानकारी देकर योजनाओं का लाभ लिया है। उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। ऐसे लोगों के खिलाफ आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कराए जाने के साथ ही भू राजस्व के तहत वसूली की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हालांकि यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें काम करने वालों के लिए परिस्थितियां बदलती रहती हैं। कई बार ऐसा होता है कि जिस समय कामगार ने पंजीकरण कराया वह इस क्षेत्र में कार्यरत था लेकिन बाद में उसने कोई दूसरा काम शुरू कर दिया लेकिन पंजीकरण होने की वजह से वह निर्माण कार्य के मजदूरों के हितों में चलाई जा रही योजनाओं का भी लाभ लेता रहा।
ऐसे लोगों को भी अपात्र की श्रेणी में माना जाएगा और उनके खिलाफ भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, दो घायल

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**सड़क हादसों** में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। घायलों को केएम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। मथुरा के महावन थाना क्षेत्र अंतर्गत बहादुरपुर के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। बहादुरपुर निवासी कृष्णा उर्फ कान्हा दिल्ली की कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। बुधवार रात करीब 11 बजे वह बाइक से दिल्ली जा रहे थे। गांव से दो किलोमीटर दूर उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। दूसरा हादसा मगोर्रा क्षेत्र में हुआ यहां



गुरुवार को अपने दो मित्रों के साथ बोलेरो गाड़ी से सामान लेने निकला एक युवक बोलेरो के नीलगाय से टकरा कर असंतुलित हो जाने से जान गवां बैठा। अन्य दो साथियों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। राहुल कुंतल पुत्र विक्रम निवासी गांव फोडर थाना मगोर्रा बोलेरो गाड़ी से अपने दोस्त पंकज व गौरव के साथ फोडर से सौंख जा रहा था। रास्ते में अचानक गाड़ी नीलगाय से टकराकर अनियंत्रित हो गई तथा सड़क किनारे पलट गई। इससे गाड़ी सवार तीनों युवक बुरी तरह घायल हो गए। जिसमें राहुल कुंतल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पंकज व गौरव को मामूली चोट आई है गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। तीनो में बड़ी गहरी दोस्ती थी। मृतक फोर्स की तैयारी कर रहा था। कार्रवाई की जा रही है। घटना की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। मगोर्रा थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि राहुल की मौके पर ही मौत हो गई पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने घायलों को केएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। गुरुवार की सुबह समय करीब छह बजे गोवर्धन चौराहा कस्बा छाता से ब्लॉक की ओर जाने वाले सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन ने दुर्गा प्रसाद पुत्र रामगोपाल निवासी अलवाई थाना छाता हाल निवासी रेलवे कॉलोनी गली नंबर दो कस्बा छाता को टक्कर मार दी। हादसे में 45 वर्षीय दुर्गा प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। छाता इंस्पेक्टर संजीव कुमार दुबे ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन ने पैदल चल रहे व्यक्ति में टक्कर मारने से व्यक्ति की मौत हो गई है विधिवत कार्यवाही की जा रही है।

# नेपियर घास भरेगी गोशालाओं में पल रहीं गायों का पेट

## गोशालाओं में नेपियर घास से खत्म होगा चारे का संकट

**टीम एक्शन ंडिया/मथुरा।**
**गोशालाओं में** ल रहीं गायों का नेपियर घास अब पेट भरेगी। वर्ष के अधिकांश महीनों में गोशालाओं में हरे चारे की समस्या रहती है। भूसे का तो भंडारण कर लिया जाता है और पराली भी सुरक्षित रखली जाती है लेकिन हरे चारे का भंडारण अधिक समय तक संभव नहीं है, ऐसे में गायों के लिए हारे चारे की उपलब्धता हमेशा बनी रहती है। ब्रज की गोशालाओं में रह रहे गोवंश के लिए जिला प्रशासन ने नेपियर घास उगाने का फैसला किया है। जनपद भर में ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम क्षेत्रों में चारागाह की जमीनों का चिन्हांकन किया गया था। नेपियर घास की खेती से पूरे साल पशु को हरा चारा उपलब्ध रहेगा। ये चारा पौष्टिकता से भरपूर माना जाता है। चारागाह की जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करा कर नेपियर घास का रोपण किया गया है। जिला प्रशासन ने युद्धस्तर पर 45 दिन का अभियान शुरू किया जो 11 जुलाई से 25 अगस्त तक चला। गोशालाओं में गायों को अधिकतम समय तक हरा चारा मिल सके इस के लिए चारागाह की जमीनों पर नेपियार घास उगाने का फैसला लिया गया है। नेपियार घास से चारागाह की भूमि की उर्वरा शक्ति में भी वृद्धि होगी। इस कार्य के लिए अभियान को लेकर शासन ने जिलाधिकारी को चारागाह की जमीन के निरीक्षण के निर्देश भी जारी किये थे। साथ ही चारागाह की जमीन पर रोपी गई नेपियर घास की देखरेख की जिम्मेदारी मुख्य विकास अधिकारी को सौंपी गई है। छाता तहसील में चारागाह की जमीन का क्षेत्रफल लगभग 400 हेक्टेयर है।

## न्यूज फ्लैश

### ट्रक ड्राइवरों को सही गुणवत्ता वाला इंजन ऑयल चुनने में मोबिल मदद करता है

**नई दिल्ली।** मोबिल ने आज अपना नया अभियान - ट्रकिंग इज हार्ड; चूजिंग इंजन ऑयल शूडन्ट बी", लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य ट्रक ड्राइवरों को अपने ट्रक के लिए सही गुणवत्ता वाले इंजन ऑयल चुनने में मदद करना है। अपने ट्रक की जरूरतों एवं उसकी उम्र के आधार पर खरीदारी करने का निर्णय लेने में ट्रक ड्राइवरों को पहले स्थान पर रख कर मोबिल उनकी मदद कर रहा है। मोबिल ने इस अभियान के हिस्से के रूप में अपने उत्पादों का नाम बदलने के बाद उत्पाद के लेबल को बहुत सरल बनाया है, आइकन का उपयोग किया है, एवं दावा की भाषा को आसान किया है। अपने व्यवसाय को जवाबदेह और सतत तरीके से संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध मोबिल ने हाल ही में इंजन ऑयल के लिए अपने 50% पोस्ट-कंज्यूमर रिसाइकिल्ड प्लास्टिक पेल के साथ टिकाऊ पैकेजिंग को प्रोत्साहित करने की एक पहल को शुरू किया है। भारत में यह पहली बार है और मोबिल डेलवैक के उत्पाद पेल पैक के लिए पीसीआर का उपयोग करने में पहले हैं। इस अवसर पर बोलते हुए एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विपिन राणा ने कहा, ह्लअपने व्यापार भागीदारों और उपभोक्ताओं को विशेष ऑफर प्रदान करने के साथ ट्रक ड्राइवरों को अपने ट्रक के लिए सही गुणवत्ता वाले इंजन ऑयल चुनने का निर्णय लेने में मदद करने पर हम वास्तव में उत्साहित हैं। सभी परिस्थितियों में ट्रक के इंजन को खराब होने से बचाने और ट्रक ड्राइवरों एवं व्यवसायों को फलने-फूलने में मदद करने के लिए मोबिल डेलवैक 100 वर्षों से अग्रणी रह कर प्रयासरत है। अपने वाणिज्यिक डीजल ल्यूब्रीकेशन की संशोधित श्रृंखला - मोबिल डेलवैक मॉडर्न और मोबिल डेलवैक लीजेंड पेश करने पर मोबिल को गर्व है। इंजन सुरक्षा और लंबे समय का प्रतिस्थापन अंतराल प्रदान करके मोबिल डेलवैक मॉडर्न यह सुनिश्चित करता है कि नए वाहन हमेशा नई जैसी स्थिति में काम करें। पुराने इंजनों का इष्टतम प्रदर्शन सुनिश्चित करने और इंजन का जीवनकाल बढ़ाने के लिए मोबिल डेलवैक लीजेंड को डिजाइन किया गया है

### आइनॉक्स इंडिया लिमिटेड ने सेबी के यहाँ डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** प्रतिष्ठित ब्रांड आइनॉक्ससीवीए के प्रवर्तक, आइनॉक्स इंडिया लिमिटेड ("कंपनी") - जो औद्योगिक गैस क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी है - ने अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी") बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के पास दाखिल किया है।
कंपनी की योजना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने की है, जिसमें प्रवर्तक विक्रेता शेयरधारक और अन्य विक्रेता शेयरधारक द्वारा 2,21,10,955 इक्विटी शेयरों (?2 का अंकित मूल्य) तक की बिक्री की पेशकश ("ऑफर फॉर सेल") शामिल है। कंपनी के पास क्रायोजेनिक स्थितियों के लिए उपकरणों और प्रणालियों के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण और स्थापना में समाधान पेश करने का 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है। इसने क्रायोजेनिक उपकरण उद्योग में प्रतिष्ठित ब्रांड, आइनॉक्ससीवीए विकसित किया है।
ऑफर फॉर सेल में सिद्धार्थ जैन के 10,437,355 तक इक्विटी शेयर, पवन कुमार जैन के 5,000,000 तक इक्विटी शेयर, नयनतारा जैन के 5,000,000 इक्विटी शेयर, इशिता जैन ("प्रवर्तक शेयरधारक") के 1,200,000 तक, मंजू जैन के 230,000 तक इक्विटी शेयर, लता रूंगटा के 190,000 तक, भारती शाह के 13,400 तक, कुमुद गंगवाल के 13,400 तक, सुमन अजमेरा के 13,400 तक, रजनी मोहट्टा ("अन्य शेयरधारक") के 13,400 इक्विटी शेयर शामिल हैं। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और एक्सिस कैपिटल लिमिटेड आईपीओ के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई और एनएसई जैसे स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। कंपनी की पेशकश में मानक क्रायोजेनिक टैंक और उपकरण, पेय पदार्थ केग, विशेष प्रौद्योगिकी, उपकरण और समाधान के साथ-साथ बड़ी टर्नकी परियोजनाएं शामिल हैं जिनका उपयोग औद्योगिक गैसों, तरलीकृत प्राकृतिक गैस ("एलएनजी"), हरित हाइड्रोजन, ऊर्जा, इस्पात, चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल, रसायन और उर्वरक, विमानन और एयरोस्पेस, फार्मास्यूटिकल्स और निर्माण जैसे विभिन्न उद्योगों में किया जाता है। इसके अलावा, कंपनी वैश्विक वैज्ञानिक अनुसंधान परियोजनाओं में उपयोग किए जाने वाले क्रायोजेनिक उपकरणों की एक श्रृंखला बनाती है। वित्तीय वर्ष 2022 में राजस्व के मामले में कंपनी भारत से क्रायोजेनिक टैंकों की सबसे बड़ी निर्यातक थी।

# उपराज्यपाल से मिला रामलीलाओं का प्रतिनिधिमंडल

**मुलाकात ...**

▶▶ दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रामलीलाओं का समय रात्रि 10 से बढ़ाकर रात्रि 12 बजे तक कर दिया जाए।





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की रामलीलाओं का एक प्रतिनिधि मंडल उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मिला।
इस मौके पर श्री रामलीला महासंघ के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उपराज्यपाल महोदय को बताया कि दिल्ली में रामलीला 15 से 25 अक्टूबर तक संपन्न होगी। दशहरा पर 24 अक्टूबर 2023 को मनाया जाएगा तथा अन्य जानकारी दी। विनय कुमार सक्सेना उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली विकास प्राधिकरण ने 15 से 20 रुपए सिक्योरिटी चार्ज इस वर्ष रामलीलाओं के लिए कर दिया है। उपराज्यपाल महोदय ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रामलीलाओं का समय रात्रि 10:00 से बढ़कर रात्रि 12:00 बजे तक कर दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि रामलीला संस्कारों के लिए की जाती हैं, अधिकारी इसमें मदद करें। इस अवसर पर कुलभूषण आहूजा, वीरेंद्र सचदेवा अध्यक्ष भाजपा, दिल्ली प्रदेश, प्रवेश वर्मा सांसद, अर्जुन कुमार अध्यक्ष श्री रामलीला महासंघ, सुभाष गोयल महासचिव लव कुश रामलीला कमेटी, अशोक गोयल देवरहा, धीरज धर, गुलशन विरमानी, राजेश गहलोत, पूर्व विधायक महेंद्र नागपाल आदि ने उपराज्यपाल को शाल उड़ाकर, शक्ति की प्रतीक हनुमान जी की गदा देकर सम्मान किया गया।

# 'पार्षद को अब बैठक भत्ता 25 हजार रुपए मिलेगा'





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** नगर निगम के पार्षदों को अब सदन, स्थायी समिति की बैठक के लिए मिलने वाला भत्ता 300 रुपए की जगह 25 हजार रुपए मिलेगा। इसके लिए दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में हुई सदन बैठक में प्रस्ताव को पारित कर दिया गया है। सदन बैठक की समाप्ति के बाद दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि बैठक में सफाई व्यवस्था, उद्यान विभाग के पार्क, आवारा जानवरों, स्कूलों की बेहतरी के लिए अच्छे से चर्चा हुई, क्योंकि सदन बैठक में विपक्षी दल भाजपा के पार्षद नहीं थे। महापौर ने कहा कि भाजपा पार्षद होते तो बैठक दस पंद्रह मिनट से अधिक चल ही नहीं पाती क्योंकि भाजपा पार्षद हंगामा करते हैं। महापौर ने डोर टू स्टेप योजना को लेकर जानकारी दी और पार्षदों को मिलने वाले बैठक भत्ते को लेकर कहा कि निगम पार्षदों को अभी तक कोई वेतन नहीं दिया जाता है। पार्षदों को सिर्फ 300 रुपए बैठक भत्ता दिया जाता रहा है लेकिन अब इसे 25 हजार रुपये किया गया है। क्योंकि पार्षदों के बहुत खर्चे होते हैं। महापौर ने बताया कि एक माह में चार से अधिक बैठकें होती हैं तो अधिकतम एक लाख रुपए का भत्ता ही मिल पाएंगे। इसके अलावा हरदयाल लाइब्रेरी के कर्मियों के संबंध में कानूनी सलाह लेकर हरदयाल लाइब्रेरी के कर्मियों की शिकायतों का समाधान किया गया है और उन सभी कर्मियों को बकाया राशि जल्द दी जाएगी।

# जय प्रकाश यादव ने आईपी कॉलोनी का किया दौरा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुराड़ी** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली आई पी कॉलोनी में विधायक प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव ने विधायक संजीव झा के आदेश पर दौरा किया और वहां के लोगों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर प्रेम सिंह सोनीपत, कुलदीप कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। विधायक प्रतिनिधि और बुराडी आप विधानसभा सचिव जय प्रकाश यादव ने बताया कि आज जो भी लोगों से समस्याएं मिली है उनका विधायक संजीव झा के नेतृत्व में जल्द ही समाधान किया जायेगा।



ब्रह्माकुमारी बहनों के साथ रक्षा बंधन पर्व मनाते हुए नरेला विकास संगठन के प्रधान हेमराज बंसल व अन्य।

## दिल्ली में जनवरी-अगस्त के बीच पिछले आठ सालों में सबसे स्वच्छ हवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली**-एनसीआर में समग्र वायु गुणवत्ता में सुधार जारी है। जनवरी-अगस्त के बीच की अवधि के दौरान पिछले आठ साल में सबसे अच्छी औसत वायु गुणवत्ता दर्ज की गई है। गुरुवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने इस संबंध में आंकड़े जारी किए । आयोग के अनुसार चालू वर्ष के दौरान जनवरी से अगस्त के दौरान दिल्ली का एक्यूआई 174 दर्ज किया गया है, जबकि 2022 में 194, 2021 में 192, 2020 में 147( लॉक डाउन), 2019 में 199, 2018 में 203, 2017 में 203 और 2016 में 236 था। आयोग के अनुसार जनवरी-अगस्त की अवधि के दौरान समग्र दैनिक औसत एक्यूआई स्तर 200 से नीचे केवल 2021 के बाद से देखा गया है, साल 2023 में सबसे कम एक्यूआई 174 रहा है। आयोग के मुताबिक एक्यूआई वर्षा के स्तर और हवा की गति से बहुत प्रभावित होता है। अगस्त 2023 का महीना सबसे शुष्क महीनों में से एक रहा है। जिसमें पूरे देश के मुकाबले दिल्ली में बारिश सामान्य से लगभग 30 प्रतिशत कम हुई है और दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में बारिश सामान्य से 50 प्रतिशत से अधिक की कमी हुई है।
26 और 28 अगस्त के दौरान तेज धूल भरी आंधी की गतिविधियों के कारण भी पीएम10 सांद्रता में क्षणिक वृद्धि हुई।

# सभी को करना चाहिए पौधारोपणः महेन्द्र तोमर


**संरक्षण...**

▶▶ हम सभी संकल्प लें कि हम अपने आस-पास पौधे लगायेगें जिससे की क्षेत्र हरियालीमय नजर आये।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर विधानसभा** क्षेत्र के समाजसेवी महेन्द्र तोमर ने कहा कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है। यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम पौधारोपण करें। उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधे जहां एक ओर हमें छाया देते है, वहीं इनमें हमें फल, फूल व इनसे प्राप्त पत्ते व जड़ों व टहनियों से दवाईयां भी मिलती है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण के लिए अवश्य ही कहें। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाये और उस पौधे की देखरेख भी करें। आज हम बड़ी-बड़ी इमारते बनाने के चक्कर में पेड़ काट देते है जो गलत है। उन्होंने कहा कि हम सभी संकल्प लें कि हम अपने आस-पास पौधे लगायेगें, जिससे की क्षेत्र का वातावरण हरियाली मय नजर आये।

# जनता से किये वादे पूरे करें 'आप': हरिशंकर गुप्ता



**कटाक्ष...**

▶▶ आज जो आप दिल्ली में विकास की लहर देख रहे है, उसका मुख्य श्रेय भी कांग्रेस को ही जाता है।

▶▶ कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है: पूर्व विधायक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते आज दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में केवल कागजों में ही विकास दिखा रहा है, धरातल पर विकास नजर ही नहीं आ रहा है, जिसके चलते दिल्ली में रहने वाले लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को दिल्ली के विकास पर ध्यान देना चाहिए, ताकि दिल्ली की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। एक अन्य सवाल के जवाब में पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप दिल्ली में विकास की लहर देख रहे है, उसका मुख्य श्रेय भी कांग्रेस को ही जाता है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है।
उन्होंने आगे बताया कि हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर जा रहे है, जनता कांग्रेस के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। आज दिल्ली की जनता आप व भाजपा के कार्यों से खुश नहीं है।

## आप पार्टी के नेताओं के खिलाफ मानहानि मामले पर 19 सितंबर के लिए सुनवाई टली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा नेता छैल बिहारी गोस्वामी की ओर दाखिल आपराधिक मानहानि के मामले की सुनवाई टाल दी है। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने मामले की अगली सुनवाई 19 सितंबर को करने का आदेश दिया है। गुरुवार को आरोपितों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्होंने आरोपों से बरी करने की याचिका खारिज करने के आदेश को सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है। सेशंस कोर्ट उनकी याचिका पर 2 सितंबर और 16 सितंबर को सुनवाई करने वाली है।



विधायक प्रतिनिधि जय प्रकाश यादव को राखी बाधते हुए आप महिला वार्ड अध्यक्ष प्रीति सिंह।

# क्षेत्र के विकास पर दिया जा रहा है विशेष ध्यानः टिम्सी सुरेश शर्मा

**पार्षद ने कहा...**

▶▶ मेरा लक्ष्य क्षेत्र का विकास करना है, जिसके लिए मैं हमेशा ही प्रयासरत रहती हूं ताकि क्षेत्र की जनता को परेशान न होना पड़े।





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वार्ड-18 जहांगीर** पुरी के आई और जे ब्लॉक में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा टूटे हुए रोड़ और गड्ढो को रिपेयर करवाया गया। इस मौके पर क्षेत्र के गई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि मेरा लक्ष्य क्षेत्र का विकास करना है, जिसके लिए मैं हमेशा ही प्रयासरत रहती हूं।

**विकास पर दे रही हूं ध्यानः** निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

**क्षेत्र में चलाया जा रहा है जागरूकता अभियानः** डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया को देखते हुए क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है। निगम पार्षद ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों की छतों पर पड़े खाली बर्तनों में पानी न एकत्रित होने दे, इसमें मच्छर पैदा होते है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।

**सफाई के प्रति लोगों को किया जा रहा है जागरूकः** पार्षद ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। पार्षद ने लोगों से अपील की है कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।

**जनता की समस्याओं का हो रहा है समाधानः** मैं समय-समय पर क्षेत्र का दौरा कर रही हूं और जनता की जो भी समस्याएं है, उनका समाधान किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

# दुनिया देखेगी 'फूड बास्केट ऑफ इंडिया' का जलवा

## देश के 'फूड बास्केट' के तौर पर विख्यात उत्तर प्रदेश अब इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए पूरी दुनिया तक पहुंचाएगा अपने खाद्य व कृषि उत्पादों की धमक

**पहचान**

**उत्तर प्रदेश वैश्विक पटल पर 'फूड बास्केट ऑफ इंडिया' के तौर पर भी अपनी पहचान को भी पुख्ता कर रहा**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**देश के** 'ग्रोथ इंजन' के तौर पर अपनी भूमिका को विस्तार देता उत्तर प्रदेश न केवल 'वन ट्रिलियन डॉलर' की इकॉनमी बनने की ओर तेजी से प्रयासरत है, बल्कि वैश्विक पटल पर 'फूड बास्केट ऑफ इंडिया' के तौर पर भी अपनी पहचान को भी पुख्ता कर रहा है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश कृषि व खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ऐसे में, जब 21 से 25 सितंबर के बीच ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर व मार्ट में इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 का आयोजन होने जा रहा है तो यह निश्चित है कि इस मेगा ट्रेड शो में फूड, डेयरी और एग्रो सेक्टर से जुड़ी व प्रदेश में व्यापक उपस्थिति रखने वाली कंपनियों को एक बड़ा मंच प्रदान किया जाएगा। इस ट्रेड शो में यूं तो पूरी दुनिया से ही सभी क्षेत्रों की तमाम दिग्गज कंपनियां हिस्सा लेंगी मगर खास तौर पर उत्तर प्रदेश में व्यापक उपस्थिति रखने वाली फूड, डेयरी व एग्रो बेस्ड कंपनियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे न केवल ये कंपनियां उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग का हिस्सा बनेंगी बल्कि व्यापक वैश्विक बाजार तक इन कंपनियों के प्रोडक्ट्स की पहुंच का मार्ग भी प्रशस्त हो सकेगा।

**कई बड़ी कंपनियां दर्ज कराएंगी उपस्थिति:** इस मेगा ट्रेड शो में एग्रो, फूड व डेयरी बेस्ड जिन कंपनियों की व्यापक उपस्थिति रहने वाली हैं उनमें पतंजली, हल्दीराम, प्रिया गोल्ड, बिकानेरवाला, वैद्यनाथ, रिचुअल फूड्स, फ्रेश फूड्स, ऑगस्टिया फूड्स, इंडियन बी कीपर श्री गिरिजा, पारस, अमूल, प्राइम फूड्स, ज्ञान डेयरी, क्रीमी फूड फेयर एक्सपोर्ट व अन्य प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त खाद्य, कृषि व डेयरी उत्पादों से संबंधित ग्रामीण, लघु व कुटीर उद्योगों को भी ट्रेड शो में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, खाद्य प्रसंस्करणों से जुड़े विभागों, लॉजिस्टिक्स-वेयरहाउसिंग, पशुपालन, मत्स्य पालन, डेयरी व अन्य प्रमुख विभागों से संबंधित स्टॉल्स भी ट्रेड शो में व्यापक उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इनमें से कई ने अभी से अपने स्टॉल्स को बुक करा लिया है जबकि कई अन्य संबंधित प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। इसके अलावा, ओडीओपी समेत खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी जीआई टैगिंग प्राप्त प्रोडक्ट्स को भी बड़े स्तर पर ट्रेड शो में शोकेस किया जाएगा।

## स्वाद से लेकर मैनेजमेंट फंडा भी होगा फूड ओरिएंटेड

**खास** बात यह है कि इस ट्रेड शो में चाहें बात परोसी जाने वाली कुजीन्स की हो या फिर मैनेजमेंट फंडे की, फूड हर जगह छाया रहेगा। ट्रेड शो में डिग्नीट्रीज को जो पकवान परोसे जाएंगे उनमें उत्तर प्रदेश की विरासत और श्रीअन्न का गुणवत्तापरक स्वाद मुख्य भूमिका निभाएंगे। प्रदेश के उन भोज्य पदार्थों को ट्रेड शो में आने वाले लोगों को परोसा जाएगा जो उत्तर प्रदेश की पहचान हैं। इसके अलावा, यहां आयोजित होने वाले सेशंस में एक सेशन तो केवल मुंबई के डिब्बेवालों की सक्सेस जर्नी को ही समर्पित है। आईईएमएल के डॉ. पवन अग्रवाल मुंबई के डिब्बावालों की सक्सेस जर्नी, उनकी लॉजिस्टिकल सप्लाई मैनेजमेंट, सप्लाई चेन व टाइम मैनेजमेंट के प्रिंसिपल्स से जुड़े फैक्टर्स व केस स्टडी साझा करेंगे।

इससे सेशन में शामिल होने वाले लोगों को डिब्बेवालों के उदाहरण के जरिए मैनेजमेंट फंडा के कई अहम तथ्य सीखने को मिलेंगे।

**पकवान**

**उत्तर प्रदेश की विरासत और श्रीअन्न का गुणवत्तापरक स्वाद मुख्य भूमिका निभाएंगे**

## फास्ट न्यूज

### दल मिल रहे हैं दिल नहीं: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इंडिया** गठबंधन की मुंबई में होने जा रही बैठक पर भारतीय जनता पार्टी ने हमला बोला है। गुरुवार को भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने विपक्षी दलों की बैठक पर तंज कसते हुए कहा कि आज सिर्फ दल मिल रहे हैं, दिल नहीं। मुंबई में घमंडिया गठबंधन की बैठक होने जा रही है। इन पार्टियों ने 20 लाख करोड़ के घोटाले और भ्रष्टाचार किए हैं। यह एक स्वार्थी गठबंधन है, उनका एजेंडा भ्रष्टाचार से अधिकतम लाभ लेना है। संबित पात्रा ने कहा कि विपक्षी दलों के बीच की इस 'म्यूजिकल चेयर' को किसी स्पष्टीकरण की जरूरत नहीं है। इस तरह की विपक्षी बैठकें हमारे लिए नई नहीं हैं, चाहे वह 2014 हो या 2019, यह 'घमंडिया गठबंधन' एक बार फिर से बना और यह एक और शुरूआती प्रयास है। उन्होंने कहा कि हम चंद्रयान हैं और हमारा रोवर पहले से ही विकास पर काम कर रहा है जबकि कांग्रेस पार्टी की मिसाइल उड़ान नहीं भरेगी क्योंकि इसमें ईंधन नहीं है। कांग्रेस हर कोशिश कर चुकी है अपनी मिसाइल लॉन्च करने के लिए, लेकिन वे असफल रहे। इस देश की जनता अच्छी तरह से जानती है कि किसकी गाड़ी जमीन पर उतरेगी और किसकी मिसाइल लॉन्च ही नहीं हो पाएगी। मिशन 3 भी हम जीतेंगे।

### जोहान्सबर्ग की इमारत में आग, 63 मौत

**जोहान्सबर्ग:** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग शहर की एक बहुमंजिला इमारत में गुरुवार सुबह भीषण आग लग गयी। आग इतनी भयावह थी कि 63 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। 40 से ज्यादा झुलसे लोगों को अस्पताल पहुंचाया जा चुका है, जिनमें से तमाम लोगों की हालत गंभीर बताई गयी है। गंभीर घायलों और इमारत में फंसे लोगों की संभावना के चलते अभी मृतक संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जताई गयी है। जोहान्सबर्ग शहर के बीच में स्थित व्यापारिक केंद्र बिजनेस डिस्ट्रिक्ट भवन में आज सुबह अचानक तेज आग लग गयी। आग की लपटें कई किलोमीटर दूर तक देखी गयीं। भारी संख्या में अग्निशमन कर्मियों को लगाए जाने के बावजूद आग बुझाना दुष्कर हो गया। लगातार शव बाहर निकल रहे थे। अब तक 63 शव निकाले जा चुके हैं और चालीस से ज्यादा लोगों को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया है। अभी भवन के भीतर शव मिलने की संभावनाओं को खारिज नहीं किया गया है। इसीलिए अधिकारियों ने मृतकों की संख्या में वृद्धि की

## संस्कृत से भारत का अनोखा रिश्ता: पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संस्कृत से भारत का रिश्ता अनोखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने सिलसिलेवार संदेश में कहा कि विश्व संस्कृत दिवस पर मेरी शुभकामनाएं। मैं उन सभी को बधाई देता हूं जो इसके प्रति जुनूनी हैं। संस्कृत से भारत का रिश्ता अनोखा है। उन्होंने कहा कि भारत आने वाले दिनों में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। दुनियाभर से लोग भारत आएंगे और हमारी सर्वोत्तम संस्कृति के बारे में जानेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व संस्कृत दिवस की शुभकामनाएं। मैं उन सभी की सराहना करता हूं जो इसके प्रति जुनूनी हैं। भारत का संस्कृत से बेहद खास रिश्ता है। इस महान भाषा का जश्न मनाने के लिए, मैं आप सभी से संस्कृत में एक वाक्य साझा करने का आग्रह करता हूं। नीचे पोस्ट में मैं एक वाक्य भी साझा करूंगा।




## वेतनमान में असमानताओं व अन्य मांगों को लेकर मुख्य सचिव को लिखा पत्र



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**उनकी** दुर्दशा की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए एक साहसिक कदम में, पंजाब सिविल सर्विस (ई.बी.) ऑफिसर्स एसोसिएशन ने मुख्य सचिव को एक तत्काल पत्र भेजा है, जिसमें उन गंभीर मुद्दों पर प्रकाश डाला गया है जो पीसीएस कैडर को परेशान कर रहे हैं। यह पत्र वेतनमान में असमानताओं से लेकर युवा अधिकारियों के लिए ग्रुप ए सेवाओं से इनकार तक की चिंताओं को सामने लाता है, और तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता को रेखांकित करता है। पत्र, लंबित मांगों की एक मार्मिक याद दिलाता है, जिसमें दावा किया गया है कि मुख्यमंत्री की मौखिक प्रतिबद्धताओं और लिखित निर्देशों के बावजूद, सरकार के कार्य उम्मीदों से कम हैं। पीसीएस एसोसिएशन ने सहमत उपायों के कार्यान्वयन की कमी पर अपनी बढ़ती निराशा व्यक्त की है। मामले के मूल में हाल ही में युवा पीसीएस अधिकारियों को ग्रुप ए की सेवाएं देने से इनकार किया गया है। यह कदम, जो स्पष्ट रूप से वेतन आयोग की सिफारिशों को अपनाने से जुड़ा हुआ है, विभिन्न केंद्रीय सरकारी विभागों में अधिकारियों की गतिशीलता और प्रतिनियुक्ति की संभावनाओं को सीमित करने की धमकी देता है। यह सीधे तौर पर स्थानीय प्रतिभाओं को पोषित करने और अपने स्तर पर विकास को बढ़ावा देने के राज्य के घोषित दृष्टिकोण का भी खंडन करता है। पत्र से एक चौंकाने वाला रहस्योद्घाटन यह है कि पिछले प्रशासन के दौरान क्लास ए अधिकारियों को क्लास बी में अपग्रेड किया गया था।

**परेशानी बताई**

**पीसीएस एसोसिएशन ने सहमत उपायों के कार्यान्वयन की कमी पर अपनी बढ़ती निराशा व्यक्त की है**